भोपाल, सोमवार 7 अप्रैल 2025 ■ चैत्र मास शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष : 12, अंक : 06 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 38 न्यून.23 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# रामनवमी के अभिजीत मुहूर्त पर श्री रामलला के ललाट पर 'सूर्य तिलक'



## करीब चार मिनट तक यह दुर्लभ संयोग रहा

श्री रामचरितमानस मानस में प्रसंग है कि रामलला का जब जन्म हुआ, तब सूर्य देव अयोध्या पहुंचे। इतना मोहित हुए कि एक महीने अयोध्या में रह गए। इस दौरान अयोध्या में रात नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या

रामनवमी के अवसर पर अभिजीत मुहूर्त पर श्री रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक हुआ। करीब चार मिनट तक यह दुर्लभ संयोग रहा। दोपहर में ठीक 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। दुनिया इस अभूतपूर्व पल की साक्षी बनी। सूर्य तिलक के साथ ही मंदिर में आरती की गई। इससे पहले कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद किए गए। गर्भगृह की लाइट बंद कर दी गई, ताकि सूर्य तिलक स्पष्ट नजर आए। सूर्य तिलक को लेकर शनिवार को आखिरी ट्रायल किया गया था। आठ मिनट तक चले इस ट्रायल के दौरान इसरो के साथ-साथ आईआईटी रुड़की और आईआईटी चेन्नई के एक्सपर्ट भी मौजूद थे। रामनवमी पर दूसरी बार रामलला के ललाट पर सूर्य तिलक किया गया है। ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि अगले बीस साल तक लगातार सूर्य ⏩ शेष पेज 6 पर

### 75 मिलीमीटर का सूर्य तिलक

मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया।

## इधर, ओरछा रामराजा मंदिर में जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन



### बुंदेली बधाई गीत पर झूमे श्रद्धालु

**8 अप्रैल की सुबह रामराजा पलना में भक्तों को दर्शन देंगे**

निवाड़ी। बुंदेलखंड की अयोध्या ओरछा में रविवार को रामनवमी की धूम रही। जहां पर विराजे रामराजा मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और दोपहर 12:00 बजे मंदिर प्रांगण में राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जैसे ही राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ वैसे ही संस्कृति विभाग द्वारा बधाई गीत की प्रस्तुति दी गई। रामराजा मंदिर में 7 अप्रैल की सुबह 4:00 बजे मंगला आरती होगी। जिसका अपना अलग महत्व है। इसके बाद भगवान राम राजा गर्भ गृह में चले जाएंगे। 8 अप्रैल की सुबह वह पलना में भक्तों को दर्शन देंगे और 10 अप्रैल तक वह पलना में ही रहेंगे। यह परंपरा 16वीं शताब्दी से चली आ रही है। मध्य प्रदेश संस्कृत विभाग द्वारा ओरछा महोत्सव के नाम से राम जन्मोत्सव का पर्व पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अप्रैल से शुरू होकर 9 अप्रैल तक चलेगा।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला

मुंबई - बेंगलुरु

शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### पैसा गिनने आए बैंककर्मी ने मंदिर से चुराए 9 लाख



**मथुरा।** मथुरा के श्री कृष्ण की लीला स्थली वृंदावन के प्रसिद्ध ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां मंदिर के गुल्लक की धनराशि में सेंध लगाते बैंककर्मी को रंगे हाथों पकड़ा गया है। बैंककर्मी के पास से 9 लाख 50 हजार रुपए की बरामदगी भी हुई है।

### बीकानेर से बिलासपुर जा रही ट्रेन में आग



**उज्जैन।** रविवार शाम 5 बजे छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जा रही एक ट्रेन के दो डिब्बों में भीषण आग लग गई। ट्रेन के डिब्बों में चारों ओर धुआं भर गया। ट्रेन को आनन फानन में रोका गया और मौके पर आई फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### 1 मई से होगी अवकाश की शुरुआत, आदेश जारी



**भोपाल।** प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियो की गर्मियों की छुट्टियां 46 दिन की होंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्मियों की छुट्टी शिक्षण सत्र 2025-26 के अवकाशों की घोषणा कर दी है। जिसके अनुसार, इस बार विद्यार्थियों को कुल 60 दिन की छुट्टियां मिलेंगी।



रामेश्वरम में नवनिर्मित पंबन ब्रिज से गुजरती एक ट्रेन।

'भाषा विवाद' पर पीएम मोदी का सीएम स्टालिन पर निशाना

# अंग्रेजी में साइन करते हैं, तब कहां चला जाता है तमिल भाषा पर गर्व ?

एजेंसी ⏭ रामेश्वरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामेश्वरम में नए पंबन रेल ब्रिज का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक रैली को संबोधित करते हुए भाषा विवाद को तूल देने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी पार्टी डीएमके पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के मंत्री तमिल भाषा को लेकर गर्व की बात करते हैं, लेकिन मुझे लिखे गए उनके पत्र और उसमें हस्ताक्षर अंग्रेजी में ही होते हैं। पीएम ने सवाल पूछते हुए कहा कि वे तमिल भाषा का इस्तेमाल क्यों नहीं करते हैं? उनका तमिल को लेकर गर्व कहां चला जाता है?

पीएम ने सवाल पूछते हुए कहा कि वे तमिल भाषा का इस्तेमाल क्यों नहीं करते हैं?

पीएम ने कहा कि मैं तमिलनाडु सरकार से कहना चाहता हूं कि वे तमिल भाषा में मेडिकल कोर्स जारी करें, ताकि अंग्रेजी न जानने वाले गरीब परिवार के बेटे-बेटी भी डॉक्टर बन सकें।

कार्यक्रम में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन शामिल नहीं हुए




### तमिल भाषा में जारी करें मेडिकल कोर्स

पीएम मोदी ने तमिलनाडु सरकार से अपील करते हुए कहा कि तमिलनाडु में 1400 से ज्यादा जनऔषधि केंद्र हैं। यहां 80 फीसदी डिस्काउंट पर दवाएं मिलती हैं। इससे भी तमिलनाडु के लोगों की 7 हजार करोड़ रुपए की बचत हुई। देश के नौजवानों को डॉक्टर बनने के लिए विदेश जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। इसके लिए बीते सालों में तमिलनाडु को 11 मेडिकल ⏩ शेष पेज 6 पर

### स्टालिन ने पीएम मोदी से मिलने का मांगा समय

*तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन ने पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा है। हालांकि, उनके कार्यक्रम में स्टालिन शामिल नहीं हुए। स्टालिन ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर राज्य के लोगों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए। सीएम स्टालिन ने एक आधिकारिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद में एक प्रस्ताव पारित किया जाए ताकि तमिलनाडु के अधिकारों पर अंकुश नहीं लगे।*

⏩ पढ़ें पेज 10 भी

### पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट समुद्री ब्रिज पंबन का उद्घाटन किया



तमिलनाडु के रामेश्वरम के समुद्र पर नया पंबन पुल

## जहाज गुजरने पर पांच मिनट में 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकेगा

एजेंसी ⏭ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नए पंबन रेलवे पुल को देश को समर्पित किया। उन्होंने एक तटरक्षक जहाज को भी रवाना किया। जैसे ही पुल का वर्टिकल लिफ्ट हिस्सा ऊपर उठा, यह जहाज उसके नीचे से गुजरा।

यह इस पुल के परिचालन तकनीक का प्रदर्शन था। पीएम ने कहा कि इस पंबन ब्रिज का सांस्कृतिक महत्व भी है। रामायण के अनुसार, भगवान राम की सेना ने राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम के नजदीक धनुषकोडी से शुरू किया था। नया पंबन रेलवे ब्रिज रामेश्वरम द्वीप को भारत की मुख्य भूमि से जोड़ता है और यह वैश्विक मंच पर भारतीय ⏩ शेष पेज 6 पर

**पीएम बोले-राम के बनाए रामसेतु की तरह है मजबूत**


- लागत : 550 करोड़ रु.
- लंबाई : 2.08 किलोमीटर
- लिफ्टिंग हिस्सा : 72.5 मीटर लंबा
- कितनी ऊंचाई तक उठ सकता है : 17 मीटर
- निर्माण संस्था : रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल)
- 111 साल पहले ब्रिटिश इंजीनियरों के बनाए ब्रिज की ली जगह

### 170 किमी पैदल चलकर अनंत पहुंचे द्वारकाधीश मंदिर



**अहमदाबाद।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने अपना 30वां जन्मदिन पवित्र द्वारकाधीश मंदिर में मनाया। वे जामनगर से 170 किमी की पैदल यात्रा कर वहां पहुंचे थे। इस पदयात्रा की शुरुआत 29 मार्च को हुई और यह 6 अप्रैल, रविवार को द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। नीता अंबानी बेटे की इस आस्था-भरी यात्रा को देखकर बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि एक मां के लिए यह बहुत गर्व का पल है।

### डल्लेवाल ने 131 दिनों के बाद खत्म की भूख हड़ताल



**फतेहगढ़ साहिब।** 131 दिनों तक भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने फतेहगढ़ साहिब में आयोजित महापंचायत में अपनी भूख हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया। डल्लेवाल ने सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार उन्हें मीटिंग के लिए बुला रही है और दूसरी तरफ रात को उनके मोर्चे पर जबरदस्ती एक्शन कर रही है। 26 नवंबर को उन्होंने अनशन शुरू किया था।

### जोमैटो फूड डिलीवरी के सीओओ ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** जोमैटो फूड डिलीवरी व्यवसाय के सीओओ रिंशुल चंद्रा ने इस्तीफा दे दिया है। जोमैटो के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल को भेजे त्यागपत्र में चंद्रा ने लिखा कि मैं सात अप्रैल 2025 से प्रभावी इटरनल लिमिटेड के सीओओ फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने नए अवसरों और जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है जो मेरे विकसित व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों के साथ जुड़े हैं।

### महिला अधिकारी की शह पर ली घूस, धराया



**राजगढ़।** रविवार को लोकायुक्त भोपाल की टीम ने कार्यवाही करते हुए मतस्य महासंघ में पदस्थ कर्मचारी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है। महासंघ की महिला रीजनल मैनेजर की शह पर कर्मचारी द्वारा यह रिश्वत ली जा रही थी। मामले में लोकायुक्त की टीम ने महिला अधिकारी सहित कर्मचारी दोनों को आरोपी बनाया है। इंदौर निवासी अनवर कादरी ने कुंडालिया डैम का ठेका लिया हुआ है। जिन्होंने शिकायत की थी।

नजदीकी संपर्क कर वीडियो बनाया, नौकरी गई

# चीतों को परात में पानी पिलाने वाले को वन विभाग ने ही 'पानी' पिलाया

सत्यनारायण गुर्जर चीता मित्र है व वन विभाग में ड्राइवर है

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

डेढ़ महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावक पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आए हैं। उन्हें वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास देखा गया। इस दौरान एक चीता मित्र सत्यनारायण गुर्जर ने उन्हें परात में पानी पिलाया, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। यह वीडियो उमरीकलां के जंगल में बनाया गया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि चीता मित्र गुर्जर हाथ में परात और एक पानी की केन लेकर आता है। वह ⏩ शेष पेज 6 पर



### 17 चीते खुले में घूम रहे

दरअसल, वर्तमान में कूनो के खुले जंगल में 17 चीते विचरण कर रहे हैं। ये चीते लगातार अपना क्षेत्र बढ़ा रहे हैं और शिकार भी कर रहे हैं। करीब 13 दिन पहले कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले 5 चीतों पर ग्रामीणों ने लाठी, डंडों और पत्थरों से हमला भी कर दिया था। हालांकि, मौके पर मौजूद वन विभाग की रेस्क्यू टीम ग्रामीणों से चीतों से दूर रहने की अपील करती रही, लेकिन वे नहीं माने।

टोलकर्मियों से मारपीट कर बूथ पर की तोड़-फोड़

# रसूखदार के समर्थकों ने देवास के टोल नाके पर मचाया उत्पात

फायदा उठाकर 100 से ज्यादा गाड़ियां बिना टोल चुकाए ही निकलीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदौर-देवास बाइपास पर स्थित टोल नाके पर टोल मांगने को लेकर हुए विवाद में एक रसूखदार समर्थकों ने भारी उत्पात माया। इस दौराल टोलकर्मियों से मारपीट तो की ही, साथ ही बूथ में रखे कंप्यूटर सहित अन्य सामान फेंक दिया। वहीं, बूथ में जमकर तोड़-फोड़ कर दी।

कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पूरा मामला कुछ अज्ञात युवकों के वाहन निकलने पर टोल कर्मियों ने टोल टैक्स मांगा तो वे बिफर गए। बूथ में अंदर घुसकर तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। इस घटना का फायदा उठाकर 100 से ज्यादा गाड़ियां बिना टोल चुकाए निकल गईं। सबसे गंभीर बात ये है कि टोल पर हुए इस हमले के बावजूद शिप्रा थाना पुलिस अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पुलिस घटना की जांच करने की बात कहती रही। हालांकि, इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। 'हरिभूमि' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ये रसूखदार कौन है, इसका भी पता नहीं चल सका है।




भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने कहा

# दीनदयाल जी की झोपड़ी व मां को चूल्हा फूंकते देख पीएम ने 'आवास' व उज्ज्वला योजना शुरु की थी

कार्यकर्ता संकल्प लें कि सभी भाजपा के ब्रांड एंबेसडर बनकर बूथ-बूथ और घर-घर तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि भाजपा को अंत्योदय का विचार देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय उप्र के नगला चंद्रभान में जिस झोपड़ी में जन्मे थे, उसे देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखें नम हो गई थीं।

उन्होंने उसी वक्त संकल्प लिया कि देश में कोई भी गरीब अब झोपड़ी में नहीं रहेगा। उसी समय से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई। इतना ही नहीं पीएम ने अपनी मां को चूल्हा फूंकते हुए खाना बनाते देखा था। उन्होंने कहा कि अब किसी गरीब मां के ⏩ शेष पेज 6 पर

### इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की थी



प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने जब कश्मीर में धारा 370 लगाकर दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान किया तो उनके मंत्रिमंडल के सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने उसका विरोध किया। उन्होंने इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने ⏩ शेष पेज 6 पर

### कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जताई

शर्मा ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर आप सभी कार्यकर्ता यह संकल्प लें कि आप सभी भाजपा के ब्रांड एंबेसडर बनकर बूथ-बूथ और घर-घर तक जाएंगे। वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश शासन के मंत्री चेतन काश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल मौजूद थे। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की एवं एक-दूसरे को बधाइयां दी।



पुराने शहर में घोड़ा नक्कास चौराहे से शाम 7 बजे शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ हनुमान चालीसा की विशेष प्रस्तुति और सांसद आलोक शर्मा व साधु-संतों द्वारा मां कौशल्या की गोद में विराजमान श्रीराम लल्ला की आरती के साथ किया गया। यह यात्रा मां कर्मा देवी रोड, छोटे भैया कॉर्नर, जुमेराती गेट, लोहा बाजार, सुभाष चौक, लखेरापुरा से होते हुए भवानी चौक सोमवारा पर समाप्त हुई।

# रामनवमी के पावन मौके पर भक्तों ने निकाली राम रथ यात्रा, शहर में गूंजी 'भए प्रकट कृपाला'

## नव्य-भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को एक साल, किए गए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शहरभर में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर के राम मंदिरों में अनेक कार्यक्रम किए गए। रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग व रवि योग का त्रिवेणी संयोग में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रविवार को राजधानी में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शहर के श्रीराम मंदिरों में विशेष आयोजन हुए। राजधानी के मंदिरों को दीपावली की तर्ज पर सजाया गया है। रामनवमी पर सभी मंदिरों में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। राजधानी की धार्मिक व सामाजिक समीतिया चल समारोह निकाले गए। मंदिरों सहित चौक चौराहों में प्रसाद वितरित किया किया गया। लोगों ने कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किए। उल्लेखनीय है नव्य-भव्य मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा का एक साल पूरे होने के चलते राजधानी में भव्य आयोजन किए गए। इसके चलते रामनवमी पर मंदिरों में भक्तों की बड़ी संख्या भीड़ देखने को मिली।



### दोपहर 1 बजे तक खुला रहा बिड़ला मंदिर

रामनवमी पर बिड़ला मंदिर के पट सुबह से दोपहर 1 बजे तक खुले रहे। मंदिर में सुबह मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और दोपहर 12 बजे जन्म आरती व प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 1 बजे मंदिर के पट बंद किए गए। आम दिनों में मंदिर के पट सुबह 11:30 बजे तक ही खुले रहते हैं।



राजधानी में देर रामनवमी का जुलूस सांसद आलोक शर्मा की अगुवाई में निकाला गया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### नवरात्रि महानुष्ठान की पूर्णाहुति हवन में दी

महाकाल मंदिर सूरज नगर में रविवार सुबह 8 से 12 बजे तक रामजन्म उत्सव,चैत्र नवरात्री महाअनुष्ठान की पूणार्हुति हवन यज्ञ में दी गई। मंदिर के संस्थापक पंडित रामस्वरूप वैदिक ने बताया कि राम जन्म उत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में भाग लिया। इस मौके पर कन्या भोजन का आयोजन किया गया। भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर पंडित रामस्वरूप वैदिक ने कहा कि भगवान राम ने जीवन की कला सिखाई।

### राम नवमी पर भजन व आरती हुई

राम मंदिर गुरुबख्श की तलैया पर भक्तों ने भगवान राम का जयघोष के साथ भजन व आरती की गई। तो शाम के समय मंदिर सैकड़ों दीपक जलाकर खुशी मनाई गई। उधर, शहर के अन्य मंदिरों में सुबह से भगवान श्रीराम का पंचामृत से अभिषेक कर, विशेष पूजा अर्चना की गयी। दोपहर 12 बजे से शहर रामलला के जयकारों और भए प्रगट कृपाला, दीनदयाला के स्वर लहरियों से गूंज उठा। जगह-जगह सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा था।



### श्री पशुपतिनाथ मंदिर गोविंदपुरा में हुआ हवन

*श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जन्मदिन रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार को विधि विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ।*

### ॐ शिव शक्ति सेवा मण्डल ने कन्याओं का पूजन कर दिए उपहार

ॐ शिव शक्ति सेवा मण्डल रजि भोपाल के सदस्यों द्वारा चैत्र नवरात्रि के नवमी के पवित्र दिन मंडल कार्यालय गोविंद गार्डन गोविंदपुरा में मंडल सदस्यों ने कन्याओं का पूजन कर उनको उपहार दिए। इस दौरान स्वल्पाहार कराकर उनका आशीर्वाद लिया। कन्याओं की पूजन, उपहार वितरण करने में रिंकू भटेजा गुड्डू अग्रवाल, अमरीश पटेल, कपिल ग्वाला, बृजेश तिवारी, आकाश साहू, सचिन आर्य, उमेश अग्रवाल, धीरज बाथम, राजीव अग्रवाल, अवनीश श्रीवास्तव, बनवारी लाल गौतम, मीरा गौतम, वन माला बाथम, प्रदीप सोनी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

अखंड दीप प्रज्जवलित

## दादाजी धाम मंदिर में धूमधाम से मना श्रीराम जन्मोत्सव



दादाजी धाम मंदिर में भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम जन जन का आधार भारत में चारो दिशाओ में जिनकी जय जय कार होती हैं आदर्श संरक्षक का जन्मोत्सव पर भगवान श्री राम का पुरुष सूक्त पाठ से अभिषेक, पूजन, राम रक्षा स्तोत्र पाठ भये प्रगट कृपाला स्तुति करते हुए भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव मनाया गया माता रानी के समक्ष भक्तों द्वारा अखंड दीपक प्रज्वलित किए सभी भक्तों द्वारा अखंड धूनी में हवन पूणार्हुति की गई आरती के पश्चात भक्तों ने भजन कीर्तन किये जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से वर्धमान सिटी, पटेल नगर, सिद्धार्थ लेक सिटी महिलाएं पुरुष बच्चे सभी ने पूजन के पश्चात महाप्रसादी ग्रहण किया एवं पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर के पट सुबह 05:30 से रात्रि 10:00 बजे तक भगवान के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुले रहे।

## इस्कॉन मंदिर में श्रीराम नवमी महोत्सव मनाया



चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का प्राकट्य हुआ था। इस बार श्री राम नवमी महोत्सव इस्कॉन मंदिर, में बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया गया। सुबह 4:30 बजे मंगल आरती से उत्सव का प्रारंभ हुआ। इस मौके पर राधेश्याम प्रभु द्वारा विशेष राम कथा हुई। जिन्होंने भगवान श्री रामचंद्र की महान गुणों के बारे में वर्णन किया। उन्होंने बताया प्रभु श्री राम धर्म और इंद्रिय संयम के प्रतीक हैं। इस मौके में श्री भगवान को 56 भोग अर्पण हुए। शाम 4:30 बजे से मंदिर प्रांगण से वर्धमान सिटी कॉलोनी तक शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान श्री श्री गौर राधा वल्लभ जी के श्रीविग्रह को पालकी में बिठा कर संकीर्तन किया गया। उसके बाद श्री राम कथा, भगवान की दिव्य आरती और रामलीला पर आधारित नाट्य प्रस्तुति हुई। अंत में उपस्थित सभी 5000 भक्तों के लिए महाप्रसाद कि व्यवस्था मंदिर प्रशासन द्वारा की गई थी।

## बीएचईएल योग मित्र मंडल में चैत्र नवरात्रि साधना शिविर पर पूर्णाहुति

रविवार को श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर बीएचईएल योग मित्र मंडल के प्रांगण में चैत्र नवरात्र साधना शिविर सानंद पूर्णाहुति हवन के साथ सम्पन्न। संस्था महासचिव सतेन्द्र कुमार ने बताया कि साधना शिविर के आचार्य स्वामी आनंद धर्मा सरस्वती ने इस शक्ति साधना शिविर में दुर्गा सप्तशती, सौन्दर्यलहरी, महिशासुर मर्दनी, पाठ के साथ ध्यान साधना का अभ्यास करवाया। इस दुर्गोत्सव में केंद्र के साधकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। विमला सहजवानी, एके मिश्रा, डीपी साह, सुभाष दुबे, बीजी पटेल, पीडी शांडिल्य, विनोद सोनकर, अमरकांत झा ने व्यवस्था में मुख्य रूप से सहयोग किया।

## आज मां कालका का ज्वारे विसर्जन एवं विशेष श्रृंगार, होगा प्रसाद वितरण

बरखेड़ी स्थित जय मां कालका दरबार में नवरात्रि उत्सव के समापन पर दशमी तिथि पर सुबह 10 बजे जवारे विसर्जन बरखेड़ी से जहांगीराबाद चौराहा होते हुए काली घाट मंदिर पहुंचेगी। सेवक प्रकाश मालवीय ने बताया कि विसर्जन में महिलाएं ज्वारे एवं कलश लेकर निकलेंगी एवं रात्रि 7.30 बजे मां कालका भंडारा एवं महिलाओं को सुहाग की वितरित की जाएंगी और सैकड़ों श्रद्धालु माँ कालका का प्रसाद ग्रहण करेंगे।



काली मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



चूना भट्टी क्षेत्र में स्थित मां काली मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।



पटेल नगर स्थित दादाजी धाम में भगवान राम-सीता की पूजा करते श्रद्धालु।



तलैया के काली मंदिर स्थित काली घाट पर ज्वारे विसर्जन करने जाती महिलाएं।

### 'सम्राट अशोक की धम्म नीति, करुणा, अहिंसा और सेवा का संदेश'

**भोपाल।** शहर के चूनाभट्टी बौद्ध विहार में रविवार को धम्म उपासक-उपसिकाओं का स्वागत किया गया। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने कहा सम्राट अशोक केवल एक शासक नहीं, बल्कि धम्म के महान प्रचारक थे। उनकी धम्म नीति में सहिष्णुता, अहिंसा, सत्य, दया और सेवा का संदेश निहित था।

उन्होंने बौद्ध धम्म को केवल एक धर्म के रूप में नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति के रूप में अपनाया और इसे व्यापक स्तर पर प्रचारित किया। उनकी जयंती हमें स्मरण कराती है कि हमें समाज में शांति, अहिंसा और सद्भावना फैलाने का संकल्प लेना चाहिए। 29 मार्च से 4 अप्रैल 2025 तक धम्म प्रचार-प्रसार एवं बौद्ध समाज के उत्थान के पवित्र उद्देश्य से एक समर्पित धम्म यात्रा बोधगया के लिए प्रस्थान हुई थी। यह धम्म यात्रा पांच अप्रैल शनिवार को भोपाल में आई। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो, भिक्षु संघ के मार्गदर्शन में 30 उपासक-उपासिकाओं का स्वागत का कार्यक्रम रविवार को रखा गया।

### गायत्री शक्तिपीठ में राम जन्मोत्सव पर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

## जिस तरह भगवान राम ने रामराज्य की स्थापना कर जाति भेद को मिटाया, उसी तरह गुरुदेव ने समाज में आदर्श मूल्य स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री शक्तिपीठ भोपाल पर रविवार सुबह 8:30 से 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से राम जन्मोत्सव पर्व एवं चैत्र नवरात्रि में परिजनों द्वारा किए गए 24000 गायत्री मंत्र लघु अनुष्ठान की पूर्णाहुति में भाइयों बहनों परिजनों ने आहुति प्रदान की। इस बार अधिक संख्या में लोग पहुंचने पर 24 कुंडी गायत्री यज्ञ में 5 पालियों में आहुति दी गई। इस अवसर पर पर्व सं दे श शां ति कुं ज हरिद्वार के प्रतिनिधि राजेश पटेल ने सभी परिजनों को नवरात्रि एवं राम जन्मोत्सव पर्व पर संदेश देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने मनुष्य रूप में अवतार लेकर सामाजिक मर्यादाओं, दायित्व का पालन करने राम राज्य की स्थापना की, जिसमें उन्होंने उच्च नीच, स्त्री-पुरुष, जाति-भेद आदि को मिटाकर समाज में आदर्श मूल्यों की स्थापना की, उसी प्रकार गायत्री परिवार के गुरुदेव आचार्य पं. श्रीराम शर्मा के बताए गए आदर्श मार्ग पर चलकर सभी परिजन अपने आचरण चरित्र चिंतन से समाज में फैली कुरीति, विकृति अंधविश्वास जातिवाद वर्ग भेद मिटाकर मनुष्य में देवत्व और धरती पर स्वर्ग के अवतरण की संकल्पना को उनके द्वारा लिखित साहित्य और विचारों को प्रत्येक परिजन श्रवण कुमार बनकर जन्म शताब्दी वर्ष 2026 तक घर-घर, जन-जन तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिजन सम्मिलित हुए।





धर्म-कर्म संस्कार

### फिल्म अभिनेता प्रखर ने अपने बेटे का मुंडन कराया

शक्तिपीठ में रामनवमीं के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के दीक्षा, पुंसवन, जन्मदिन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ एवं मुंडन संस्कार कराए। इसी तरह फिल्म अभिनेता प्रखर सक्सेना भी अपने दो माह के बेटे को लेकर परिवार सहित पहुंचे और उन्होंने उसका मुंडन संस्कार संपन्न कराया। इसके साथ ही उन्होंने मां गायत्री के साथ आचार्य पं. श्रीराम शर्मा और गुरुमाता का आशीर्वाद भी अपने बेटे का सिर उनके चरणों में रखकर नवाया। प्रखर गायत्री शक्ति पीठ के प्रमुख कार्यकर्ता अशोक सक्सेना और संगीता सक्सेना के पुत्र हैं।



### शुभारंभ पर शामिल होंगे मंत्री सारंग

## भागवत कथा का आयोजन आज से निकलेगी भव्य कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां शीतला माता मंदिर जनता नगर में सोमवार से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के पदाधिकारियों द्वारा कथा वाचक पंडित सुशील महाराज के नेतृत्व में कलश शोभायात्रा में सभी महिलाएं पीले रंग की साड़ी पहने 251 कलश लेकर चलेगी। कलश यात्रा मां शीलता मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा का जगह-जगह श्रद्धालु फूल बरसाकर स्वागत करेंगे। समिति के संरक्षक विजय सिंह ने बताया कि महिलाएं अपने घर से कलश में गंगाजल या मां नर्मदा जल भरकर कलश यात्रा में शामिल होगी। कथा के शुभारंभ अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग शामिल होंगे। रविवार को कथा की तयारियों को लेकर समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में दिनेश शर्मा, कृष्णा राठौर, राहुल तिवारी, अनूप पाण्डेय, भैरों सिंह रजक, लखन सिंह, रामेश्वर त्रिपाठी, देवीराम शर्मा को कथा की व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### आज बांटे जाएंगे 'श्रीहरि रक्षाकवच'

कथा वाचक पंडित सुशील महाराज सोमवार को श्रीमद् भागवत के पहले दिन भक्तों 'श्रीहरि रक्षाकवच' वितरित करेंगे। सुशील महाराज ने बताया कि 'श्रीहरि रक्षाकवच' को धारंण करने वाले व्यक्ति के अस्तित्व को मिटा पाना असंभव ही नहीं बल्कि नामुमकिन है। 'श्रीहरि रक्षाकवच' को शास्त्रों में 'नारायण रक्षाकवच' के नाम से वर्णित किया गया है। 'श्रीहरि रक्षाकवच' को धारंण करने वाले व्यक्ति की रक्षा भगवान श्रीहनुमान करते है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 7 अप्रैल 2025





## न्यू मार्केट स्थित मंदिर में राम जन्मोत्सव की धूम....

**भोपाल।** राजधानी में रविवार को राम नवमी का त्यौहार मंदिरों में भजन पूजन के साथ शोभा यात्रा निकाल कर मनाया गया। इसके साथ ही चैत्र नवरात्रि के समापन पर दुर्गा मंदिरों में पूर्णाहुति के साथ भंडारे भी हुए, जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। (पढ़े पेज 2 पर)

*प्रदेश के चारों महानगरों में साल का सबसे गर्म दिन दर्ज, अभी और बढ़ेगी गर्मी*

# भोपाल में पारा 40 डिग्री के पार

**भोपाल में 40.5 डिग्री पर पहुंची गर्मी, रात में एक डिग्री लुढ़कने से राहत, दो दिन में 42 डिग्री के करीब पहुंच सकता है तापमान**

**रतलाम में लू, भोपाल सहित प्रदेशभर में तेज गर्मी और गर्म हवाओं ने किया परेशान सबसे गर्म रतलाम का पारा 42.6 डिग्री**



## कल से एक्टिव होगा नया पश्चिमी विक्षोभ, कुछ जिलों में दो से तीन दिन बाद कम हो सकता है पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को प्रदेशभर में रिकार्ड तोड़ गर्मी महसूस की गई। प्रदेश के चारों महानगरों में रविवार को इस साल (एक जनवरी से 5 अप्रैल तक) का सबसे गर्म दिन दर्ज हुआ। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में दिन का पारा इस सीजन के साथ साल का भी सबसे अधिक दर्ज होने से यहां तेज गर्मी रही। भोपाल में अधिकतम पारा 40.5, ग्वालियर 40.6, इंदौर 39.8 और जबलपुर में 39.6 डिग्री दर्ज हुआ।

■ 9 से 12 अप्रैल के बीच बदलेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार रविवार को प्रदेश के सभी महानगरों में दिन का तापमान इस सीजन के साथ ही इस साल का भी सबसे अधिक दर्ज हुआ है। अभी मौसम साफ रहने से गर्मी का मिजाज और तीखा होगा।

### अभी कहां है नया सिस्टम

*विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी हवा के ऊपरी भाग में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। यह बिहार और आसपास है। एक ट्रफ पूर्वी बिहार से होकर विदर्भ तक जा रही है, जो झारखंड, छतीसगढ़ से गुजर रही है। इसके साथ ही एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन छतीसगढ़ और आसपास सक्रिय है, जो ट्रफ में मिल रहा है। इससे अभी प्रदेश में हवाएं दक्षिण और रात में उत्तरी हो रही हैं। जिससे दिन में गर्मी बढ़ रही है, रात में राहत बनी हुई है। 8 अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जो 9 से 12 अप्रैल के बीच प्रदेश में मौसम में बदलाव करेगा। कुछ जिलों में बारिश भी होगी। इससे तापमान में इन जिलों में कमी आएगी, लेकिन औसत तापमान बढ़ा हुआ ही रहेगा।*

### कहां कितना बढ़ा पारा

*तेज धूप और दिन में हवाएं दक्षिणी होने से भोपाल में 1.5 डिग्री बढ़कर साल में पहली बार 40.5, ग्वालियर 2 डिग्री बढ़कर 40 डिग्री रहा, इंदौर और जबलपुर एक-एक डिग्री बढ़कर 40 डिग्री के करीब दर्ज हुआ है। सागर, नौगांव, मंडला, खजुराहो, टीकमगढ़, दमोह, छिंदवाड़ा, उज्जैन, धार, गुना सहित एक दर्जन से ज्यादा जिलों में पारा 40 से 42 डिग्री तक रहा, जिससे तेज गर्मी और लू जैसा अहसास रहा। हालांकि, अभी बसंत ऋतु चल रही है, इस लिए गर्मी का अहसास तापमान में बहुत अधिक बढ़ोतरी नहीं होने के बावजूद अधिक महसूस हो रहा है। ग्रीष्म ऋतु आते ही पारा 42-43 डिग्री को पार करेगा, जिससे भीषण गर्मी महसूस होगी।*

**रतलाम 42.6 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा**

*रतलाम में तापमान प्रदेश में सबसे ज्यादा 42.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक है। यहां लू का असर रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तापमान में दो से तीन दिन और बढ़त होगी। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी तापमान में बढ़त रहेगी। नया सिस्टम आने के बाद मौसम में बदलाव होगा, जिससे तापमान में कमी आएगी।*

## इस समर सीजन में पमरे जोन व भोपाल मंडल से गुजरेगी 23 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें, 65 हजार से अधिक यात्रियों को मिल सकेगी कंफर्म सीट

**अधिक यात्री भार मिलने पर ट्रेनों की संख्या और भी बढ़ा सकता है रेलवे**

*हरिभूमि न्यूज,भोपाल। पश्चिम मध्य रेल जोन व भोपाल रेल मंडल में इस बार समर सीजन में रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए 23 से अधिक जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का हॉल्ट देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा अगर इन ट्रेनों को अच्छा यात्री भार मिलता है। तो स्पेशल ट्रेनों की संख्या बढ़ा जा सकती है। रेलवे की ओर से लगातार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की जा रही है। पमरे जोन व भोपाल रेल मंडल की ओर से मई से लेकर जुलाई तक करीब 23 जोड़ी स्पेशल ट्रेन हाल्ट लेकर चलेगी। इससे करीब 65 हजार से अधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ मिल सकेगी।*

### रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक ट्रेन प्रत्येक गुरुवार 15:40 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी और तीसरे दिन सायं 18:55 बजे अगरतला पहुंचेगी। 01666 अगरतला-रानी कमलापति ट्रेन प्रत्येक रविवार को सायं 17:20 बजे अगरतला से रवाना होगी और तीसरे दिन सायं 16:35 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

### जबलपुर-अयोध्या ट्रेन

01701 जबलपुर-अयोध्या साप्ताहिक ट्रेन प्रत्येक बुधवार रात 19:40 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर अगले दिन 11 बजे अयोध्या पहुंचेगी। 01702 अयोध्या-जबलपुर ट्रेन गुरुवार 3:30 बजे अयोध्या से रवाना होगी, अगले दिन 4 :15 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### एक माह पहले ही रेलवे ने घोषणा की

पिछले दो साल में लोगों के समर वेकेशन घूमने जाने वालों की संख्या में लगातार बढ़ रही है। रेलवे ने इस बार समय से पहले यानी करीब एक माह पहले ही सैकड़ों की संख्या स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है। ट्रेनों में लगातार बुकिंग कराने वालों की संख्या बढ़ रही है।

### अप्रैल में यह ट्रेनें चलेगी

जबलपुर से अयोध्या/पुणे/बांद्रा टर्मिनस/कोयंबटूर, रानी कमलापति से सहरसा/अगरतला/हड़पसर (पुणे), रीवा से सीएसएमटी एवं सोगरिया से दानापुर के मध्य अप्रैल माह में ट्रेनों की प्रारंभिक तिथियों से ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें संचालित की जा रही है।

### रानी कमलापति-हड़पसर (पुणे)साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

01667 रानी कमलापति-हड़पसर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को सुबह 08:35 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी और दूसरे दिन मध्य रात्रि 00:30 बजे हड़पसर पहुंचेगी। 01668 हड़पसर-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः 06:30 बजे हड़पसर से रवाना होगी और उसी दिन रात 22:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

### जबलपुर-कोयंबटूर ट्रेन

02198 जबलपुर-कोयंबटूर ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार रात 23:50 बजे जबलपुर से तीसरे दिन दोपहर 14:40 बजे कोयंबटूर पहुंचेगी। 02197 कोयंबटूर-जबलपुर ट्रेन प्रत्येक सोमवार को सायं 17:05 बजे कोयंबटूर से प्रस्थान कर तीसरे दिन 08:45 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### रानी कमलापति-सहरसा-रानी कमलापति ट्रेन

01663 रानी कमलापति-सहरसा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को सायं 16:30 बजे रानी कमलापति से रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 15:15 बजे सहरसा पहुंचेगी। 01664 सहरसा-रानी कमलापति साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को सायं 18:30 बजे सहरसा से रवाना होगी और अगले दिन रात 21:10 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी।

**मप्र शासन-मप्र भोज विवि की ओर से कोर्ट की एकलपीठ ने दी थी पिछले आदेश को चुनौती**

## हाईकोर्ट ने निरस्त की भोज विवि की नियुक्तियां, अब नए सिरे से होंगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





राजधानी स्थित मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों को मप्र हाईकोर्ट ने दूषित मानते हुए उन्हें निरस्त कर दिया है। बेंच की युगलपीठ ने इन नियुक्तियों को मनमानी और दूषित करार दिया है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने पूर्व में जारी एकलपीठ के आदेश को रद्द करते हुए नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, मप्र शासन तथा मप्र भोज मुक्त विवि भोपाल की ओर से एकलपीठ के उस आदेश को चुनौती दी गई थी,जिसमें जांच के बाद फर्जी तरीके से निरस्त की गई नियुक्तियों को विवि जांच समिति की सिफारिश पर निरस्त करने के निर्णय को खारिज कर दिया गया था। सुनवाई में बताया गया था कि वर्ष 2015 में प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अन्य पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई थीं। चयन प्रक्रिया के दौरान चयन समिति में संबंधित विषय के विशेषज्ञों को शामिल नहीं किया गया था। इसके अलावा, चयन समिति ने यूजीसी द्वारा निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया।

### विज्ञापन में महिलाओं दिव्यांगों के आरक्षण का उल्लेख नहीं

बेंच को बताया कि भर्ती के लिए जारी विज्ञापनों में महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया था और न ही आरक्षण रोस्टर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तैयार किया गया था। इन अनियमितताओं के कारण चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था। इसके विरुद्ध चयनित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर एकलपीठ ने उनके पक्ष में राहतकारी आदेश दिया था। इसी आदेश को चुनौती देते हुए यह अपील दायर की गई थी। इस मामले में बेंच ने भोज विवि में की गई नियुक्तियों को दूषित मानते हुए उन्हें निरस्त कर दिया है।

### योग्य उम्मीदवारों की अनदेखी

अपील में यह भी उल्लेख किया गया कि अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की न तो ठीक से जांच की गई और न ही उनका निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया। अंकों के कई कॉलम बिना किसी स्पष्टीकरण के खाली छोड़ दिए गए थे। साक्षात्कार में कुछ अभ्यर्थियों को अत्यधिक अंक देकर अन्य अधिक योग्य उम्मीदवारों की अनदेखी की गई, जिससे चयन प्रक्रिया पक्षपातपूर्ण प्रतीत होती है।

**डिलीवरी ब्वॉय के साथ मिलकर निकाले**

## ई-कॉमर्स कंपनी से सोने के सिक्के ऑर्डर कर जालसाज ने लगाई लाखों की चपत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में जालसाज ने ऑनलाइन सोने के सिक्के आर्डर करने के बहाने ई कॉमर्स कंपनी को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने आनलाइन ई-कामर्स वेबसाइट से सोने के सिक्के आर्डर किए थे। पार्सल मिलने के बाद डिलेवरी ब्वाय को रुपए का देकर पैकिंग खोली और उसमें से सोने के सिक्के निकाल लिए। साथ ही आर्डर को तुरंत रिटर्न कर दिया।

आर्डर कैंसिल होने से उसके रुपए भी लौट आए और सिक्के भी मिल गए। कंपनी को खाली रिटर्न आर्डर का पार्सल खाली मिला तो डिलेवरी कंपनी से जवाब मांगा गया, जिसके बाद डिलेवरी कंपनी की शिकायत पर चूनाभट्टी थाने में आर्डर करने वाले आरोपी और डिलेवरी ब्वाय के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

### सिक्के निकालकर कैंसिल किया ऑर्डर

एसआई योगेश सिसोदे ने बताया कि अक्टूबर 2024 में विजय नाम के व्यक्ति ने ई-कामर्स साइनट एमेजन से सोने के सिक्के के दो अलग-अलग आर्डर दिए थे। उसने एक आर्डर में आठ सिक्के और दूसरे में छह सिक्कों का आर्डर दिया था। दोनों आर्डर के लिए चूनाभट्टी क्षेत्र की अलग-अलग लोकेशन दी गई थीं। पहले जानकारी और फिर शिव इन्क्लेव नामक कालोनी में भेजे गए थे। तय समय पर कंपनी ने विजय को आर्डर डिलेवर कर दिया। आर्डर प्राप्त करने के बाद विजय ने डिलेवरी ब्वाय मनीष कार्तिकार को पार्सल खोलने के एवज में 500 रुपए का लालच दिया। उसने पार्सल खोलकर उसमें से सोने के सिक्के निकाल लिए और खाली पार्सल पकड़ा दिया। इधर, उसने दोनों आर्डर ऑनलाइन कैंसिल भी कर दिए। जिससे कि उसे आर्डर की राशि भी वापस मिल गई।

### डिलीवरी ब्वॉय पर मामला दर्ज, आरोपी की तलाश

कंपनी में आर्डर वापस पहुंचा तो दोनों पार्सल के कुल 14 सोने के सिक्के नहीं थे। जिसके बाद कुरियर कंपनी ब्लूडार्ट से संपर्क किया गया। कंपनी ने मामले की शिकायत चूनाभट्टी थाने में की। जांच में सामने आया कि आर्डर करने वाले आरोपी विजय ने फर्जी डिलेवरी एड्रेस दिया था। वह उन स्थानों पर रहता ही नहीं है। जबकि डिलेवरी ब्वाय ने रुपयों के लालच में उसे पार्सल खोलने की अनुमति दी। डिलेवरी ब्वाय पर अमानत में खयानत का केस दर्ज किया गया है, जबकि विजय के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज हुआ है। पुलिस को उसकी तलाश है।

## सीआईडी आरक्षक के घर चोरी, बेटे के दोस्त पर संदेह

**भोपाल।** कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित रेडियो कॉलोनी भदभदा में आरक्षक के घर से सोने की दो चेन व एक अंगूठी चोरी हो गई। घटना करीब एक माह पूर्व की है। वह अपनी पत्नी के साथ इंदौर गए हुए थे, जबकि घर में उनका बेटा व बेटी थे। जांच के बाद पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रेडियो कॉलोनी भदभदा निवासी आरक्षक किशोर सिंह सीआईडी में पदस्थ हैं। पिछले माह वह अपनी पत्नी के साथ इंदौर गए थे। बेटा-बेटी घर पर थे। दंपति जब लौटे तो उन्हें अलमारी में रखी सोने की दो चेन व एक सोने की अंगूठी नहीं मिली। पूछताछ करने पर बेटे ने बताया कि उसका दोस्त दो बार घर आया था। पुलिस का कहना है कि संदेह के आधार पर बेटे के दोस्त से पूछताछ की जाएगी।

## बैरसिया वन क्षेत्र में दो दिनों में दो स्थानों पर लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरसिया वन क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते दो दिनों के भीतर दो अलग-अलग स्थानों पर लगी आग ने वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार और रविवार को लगी इन आग की घटनाओं ने जंगल की हरियाली को भारी नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग द्वारा जंगल में निगरानी बढ़ाई गई है और गश्त टीमों को सक्रिय किया गया है। इसके अलावा, ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### सरखेड़ी गांव के पास आगजनी की घटना

शनिवार को सरखेड़ी गांव के पास स्थित वन क्षेत्र में अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी। वन विभाग की टीम पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### रविवार को इमलिया गांव में लगी आग

इसके अगले ही दिन रविवार को इमलिया गांव के पास एक हेक्टेयर क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली। इस बार भी वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दमकल और श्रमिकों की टीम मौके पर भेजी। करीब तीन घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में भी बड़ी मात्रा में पेड़-पौधे और वन्य जीवन को नुकसान पहुंचा है।

**दस्तावेज मांगे तो की आनाकानी, सख्ती पर कुबूला जुर्म**

## इंस्टाग्राम पर सोहेल बना राहुल, हिंदू युवती से दोस्ती कर की शादी

**कटारा हिल्स के ग्राम झागरिया में रहने वाली 19 साल की युवती परिजनों की सतर्कत से लव जिहाद का शिकार होने से बची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में लव जिहाद का मामला सामने आया है। सोहेल नाम के युवक ने इंस्टाग्राम पर खुद को राहुल बताकर हिंदू युवती से दोस्ती की और फिर उसे धोखे में रखकर शादी कर ली। बाद में युवती को पता चला कि वह अपना धर्म छिपाकर ऐसा कर रहा है। युवती के परिजनों ने आरोपी से दस्तावेज मांगे, तब जाकर लव जिहाद का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक झागरिया में रहने वाली 19 साल की युवती यहां अकेली रहती है। उसके माता-पिता का निधन हो चुका है। पड़ोस में रहने वाला मामा उसकी देखरेख करता है। करीब तीन माह पूर्व युवती की दोस्ती इंस्टाग्राम पर राहुल शर्मा नामक युवक से हुई। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। युवक विदिशा से भोपाल आ गया। वह नादरा बस स्टैंड के पास किराए का कमरा लेकर रह रहा था और पुताई का काम करने लगा था। कुछ दिन पूर्व युवक ने युवती पर शादी का दबाव बनाया। युवती ने मना किया तो उसने चैटिंग वायरल करने की धमकी दी। इससे डरी युवती उसकी बातों में आ गई। तीन दिन पहले तीनों ने कटारा हिल्स के एक मंदिर में दोनों ने शादी कर ली।

### सख्ती करने पर कुबूल किया जुर्म

युवती के मामा ने पहचान के दस्तावेज मांगे तो वह आनाकानी करने लगा। परिजनों ने सख्ती से पूछताछ की। तब युवक ने बताया कि वह विदिशा का है और उसका नाम सोहेल खान है। परिजनों ने बजरंग दल पदाधिकारियों को सूचना दी। वे युवक को थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने युवती के बयान दर्ज कर लिए हैं।

**वन विहार में अब आकर्षण बनेगा दुर्लभ प्रजाति का दुनिया का सबसे लंबा, जहरीला सांप**

## वन विहार में बेंगलुरु से लाया गया किंग कोबरा, सीएम करेंगे समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान अब एक नई और दुर्लभ प्रजाति के सांप का घर बन गया है। कर्नाटक के बेंगलुरु से विशेष प्रयासों के तहत लाए गए दो किंग कोबरा को अब वन विहार में आमजन देख सकेंगे। यह भारत का सबसे लंबा विषैला सांप है और इसकी लंबाई कभी-कभी 18 फीट तक भी पहुंच सकती है। वन विहार की छह सदस्यीय विशेषज्ञ टीम 2 अप्रैल को बेंगलुरु स्थित पिलिकुला बायोलाजिकल पार्क गई थी। वहां से किंग कोबरा को लाने के लिए कई तकनीकी और कानूनी प्रक्रियाओं को पार करना पड़ा। यह कार्य अत्यंत सावधानीपूर्वक और सतर्कता के साथ संपन्न किया गया क्योंकि किंग कोबरा को संभालना एक जोखिम भरा कार्य होता है।



### दोपहर में पहुंचा वन विहार

*लंबी यात्रा और विशेष व्यवस्था के बाद रविवार दोपहर में किंग कोबरा को वन विहार लाया गया। यहां उसे सांप बाड़े में रखा गया है, जिसे किंग कोबरा के अनुकूल विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस बाड़े में नमी, तापमान और सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए हैं, ताकि सांप को प्राकृतिक वातावरण जैसा अनुभव हो सके।*

### जैव विविधता और पर्यावरण को बढ़ावा

वन विहार में किंग कोबरा का आगमन न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि यह जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बच्चों और युवाओं को दुर्लभ प्रजातियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जानकारी स्नेक हैंडलर द्वारा दी जाएगी।

### सीएम करेंगे वन विहार को समर्पित



इस दुर्लभ सांप के वन विहार में आगमन का वन विहार में औपचारिक समर्पण दो दिन बाद मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इसके बाद यह सांप आम जनता के लिए प्रदर्शन के लिए उपलब्ध रहेगा। इससे वन विहार में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की भी उम्मीद की जा रही है, क्योंकि किंग कोबरा भारत में बेहद कम स्थानों पर देखा जाता है।

## खबर संक्षेप



### प्रोविजन व्यापारी संघ के प्रियेश बने अध्यक्ष

**औबेदुल्लागंज।** प्रोविजन व्यापारी संघ के चुनाव संपन्न हुए। इसमें प्रियेश अग्रवाल लड्डू भाई को अध्यक्ष बनाया गया है। रितेश सेन को उपाध्यक्ष, मनीष धाड़ी को सचिव, दीपेश भाई को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मीडिया प्रभारी सागर वासवानी को बनाया गया है। इस अवसर पर बबलू अग्रवाल, अमन महेश्वरी, अंकित धाड़ी, अंशुल जैन एवं नमन सभी मौजूद थे।

### 1 लाख की रिश्वत लेते आउटसोर्स कर्मचारी ट्रैप

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस इंदौर की टीम ने एक जिला मतस्य अधिकारी और उसके सहयोगी आउटसोर्स कर्मचारी को 1 लाख की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। महिला अफसर ने मछल्ली पालन के ठेके को निरस्त करने का दबाब बनाकर डिमांड की थी। लोकायुक्त ने आरोपियो के विरूद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 , 12 के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। लोकायुक्त से मिली जानकारी के मुताबिक अनवर कादरी निवासी 40 सदर बाजार मेन रोड इंदौर का मछली पालन के ठेकेदार है। उन्होने राजगढ़ के कुंडलियां डैम का मत्स्य पालन का ठेका 7 वर्षों के लिए नवंबर 2024 में लिया है। लंबे समय से झूठी कार्यवाही में फंसा कर रिपोर्ट शासन को भेजकर मतस्य पालन का टेंडर निरस्त करने का दवाब बनाकर जिला मत्स्य महासंघ अधिकारी सुरेखा सराफ द्वारा ठेकेदार से रिश्वत की मांग की जा रही थी। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा एसपी

### रामनवमी, नवरात्रि पर किया प्रसाद का वितरण



**औबेदुल्लागंज।** रामनवमी और नवरात्रि पर्व पर निशिता पेट्रोल पंप संचालिका रश्मि सेंगर ने पंडाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। प्रदीप सेंगर ने बताया कि हमारे द्वारा गत 10 वर्षों से रामनवमी, नवरात्रि पर्व पर छोले, हलवा, फरारी, खिचड़ी का वितरण किया जाता है। इसकी माखन सिंह, प्रेस क्लब के संरक्षक भारत निहाल आदि ने प्रशंसा की।

### औबेदुल्लागंज में कल हटाया जाएगा अतिक्रमण

**औबेदुल्लागंज।** अब अतिक्रमण मुहिम मंगलवार से शुरू होगी। नगर पंचायत सीएमओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि एसडीएम के निर्देशानुसार मंगलवार को अतिक्रमण हटाया जाएगा। मगर 8 बार मुनादी करने के बाद रविवार को अतिक्रमण हटता है कि नहीं, यह चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि नगर पंचायत में जो चूना डाला था, वह हट गया है। 8 अप्रैल को नगर पंचायत मुनादी पर खरी उतरती है या नहीं इस पर लोगों की निगाहें बनी हुई हैं।

10 दिन पहले कराई थी ई एफआईआर

# ई-रिक्शा में सवार इंदौर के टीचर से बदमाशों ने मोबाइल झपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत टॉकीज ब्रिज के पास रिक्शा सवार इंदौर के टीचर से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल झपट लिया। घटना 23 मार्च की है। टीचर ने दस दिन पहले ई-एफआईआर दर्ज कराई थी। मंगलवारा पुलिस ने 13 दिन बाद ई-एफआईआर के आधार पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर लिया। सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से इंदौर निवासी मनीष पुरोहित (44) सरकारी स्कूल में टीचर हैं।



विगत 23 मार्च की सुबह वह सरकारी काम से भोपाल आए थे। भोपाल रेलवे स्टेशन से ई रिक्शा में सवार होकर वह अपने गंतव्य स्थान जाने के लिए रवाना हुए। अपने मोबाइल से वह चालक को, जिस स्थान पर पहुंचना था, वहां की लोकेशन बताते जा रहे थे। इस बीच भारत टॉकीज ब्रिज के पास बाइक सवार दो बदमाशों में से एक बदमाश ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और देखते ही देखते फरार हो गए। बताया जा रहा है कि फरियादी ने करीब दस दिन पहले मामले में ई-एफआईआर दर्ज कराई थी।

**नानी के घर जा रहे युवक का मोबाइल छीना**

*भारत टॉकीज ओवरब्रिज के पास रविवार सुबह बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक के हाथ से उसका मोबाइल छीन लिया। वह पिपलानी से अपनी नानी के घर जा रहे थे। ब्रिजे के पास ई रिक्शा से उतरकर वह एक स्थान पर बैठकर मोबाइल चलाने लगा। इस बीच बदमाश आए और मोबाइल झपटकर नौ दो ग्यारह हो गए। मंगलवारा पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के बाइक आनंद नगर पिपलानी निवासी विशेष अहिरवार (18) प्राइवेट काम करता है। रविवार छह अप्रैल की सुबह करीब साढ़े 9 बजे वह आनंद नगर से ऑटो में सवार होकर भारत टॉकीज ब्रिज के पास उतरा था। ई रिक्शा से उतरकर वह ब्रिज पर एक जगह बैठकर मोबाइल चलाने लगा। इस बीच बाइक सवार तीन बदमाश तेजी से आए और उनमें से एक बदमाश ने विशेष का मोबाइल छीन लिया। पुलिस का कहना है कि हुलिए के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।*

**ब्यावरा से माल खरीदने भोपाल आया था**

हलालपुर बस स्टैंड के पास स्थित है रेन बसेरा

# रेन बसेरा में सो रहे युवक के बैग से 35 हजार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हलालपुर बस स्टैंड के पास रेन बसेरा में सो रहे युवक के बैग से अज्ञात व्यक्ति ने नगद 35 हजार रुपए निकाल लिए। घटना के समय रेन बसेरा में करीब आधा दर्जन लोग रुके हुए थे। फरियादी ब्यावरा से माल खरीदने भोपाल आया था। कोहेफिजा पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ब्यावरा राजगढ़ निवासी निर्मल दांगी (22) बेरोजगार है। उसके परिजनों ने भोपाल से माल खरीदकर लाने के लिए उसे पैसे दिए थे ताकि वह ब्यावरा में अपना धंधा शुरू कर सके। माल बुक करने के बाद उसके पास करीब 35 हजार रुपए बचे थे। विगत चार अप्रैल की रात वह हलालपुर बस स्टैंड के पास नगर निगम के रेन बसेरा में सो गया था। सोने से पहले उसने पर्स से 35 हजार रुपए निकालकर अपने बैग में रख लिए थे। अगले दिन पांच अप्रैल को सोकर उठा तो बैग में रखे 35 हजार रुपए गायब थे। उसने कोहेफिजा थाने में चोरी का प्रकरण दर्ज कराया है। प्रधान आरक्षक प्रवीण चतुर्वेदी ने बताया कि नगर निगम के रेन बसेरा में सीसीटीवी कैमरे तो लगे हैं लेकिन काफी लंबे समय से बंद पड़े हैं।

कर्मचारी को घर छोड़कर देर रात लौट रहा था

# सड़क पर एक्टिवा टर्न करते समय बाइक ने मारी टक्कर, व्यापारी की दर्दनाक मौत

» पुलिस ने पीएम के बाद परिजन को सौंपा शव

» युवक और एक्टिवा सवार व्यापारी सड़क पर गिर गए

कोहेफिजा थाना क्षेत्र पुलिस चौकी के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र पुलिस चौकी के पास शनिवार रात सड़क पर एक्टिवा टर्न कर रहे किराना व्यापारी को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों युवक और एक्टिवा सवार व्यापारी सड़क पर गिर गए थे। सभी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, वहां व्यापारी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार घायल युवकों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार आशू जैन पुत्र अजय जैन (30) आशियाना अपार्टमेंट कोहेफिजा में रहते थे और किराना व्यापारी थे। वे कोहेफिजा पुलिस चौकी के सामने किराना दुकान चलाते थे। उनकी दुकान पर लालघाटी में रहने वाला युवक काम करता था। दुकान बंद करने के बाद वह 11 बजे कर्मचारी को छोड़ने लालघाटी गए थे। कर्मचारी को घर छोड़कर शनिवार देर रात घर लौट रहे थे। कोहेफिजा चौकी के पास पहुंचते ही उन्होंने अचानक एक्टिवा को टर्न किया, तभी सामने से आए अन्य बाइक सवार ने उनके वाहन में टक्कर मार दी। इस बाइक पर दो युवक सवार थे, जिन्हें गंभीर चोट आई है।





### निर्माणाधीन मकान में काम करते समय गिरी महिला मजदूर, मौत

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित पेबल वे कॉलोनी के पास निर्माणाधीन डुप्लेक्स से गिरकर महिला घायल हो गई। करीब पंद्रह फीट से ज्यादा ऊंचाई से गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट थी। साथी मजदूर उन्हें लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दयवंती बसौड़ पति रमेश बसौड़ (40) मूलतः नरसिंहपुर जिले की थी। हाल ही में वह बागसेवनिया स्थित परमार मोहल्ला में रह रही थी और मजदूरी कर अपना गुजारा कर रही थी। शनिवार सुबह वह मजदूरी करने पेबल वे कॉलोनी के पास गई थी। वहां डुप्लेक्स बन रहे हैं। काम करते समय शनिवार दोपहर वह छत से नीचे गिर गई। साथी मजदूर उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। छत से पत्थर पर गिरने के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोट थी।

### गैमन इंडिया के बाहर पार्किंग में युवक को चाकू मारा

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित गैमन इंडिया के सामने पार्किंग में हुए विवाद के बाद युवक से दो युवकों ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से उसे गंभीर चोट आई है। घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब पौने दो बजे के आसपास की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरदीन राणा पिता शकील अहमद (24) मूलतः उत्तर प्रदेश का है। हाल ही में वह मालवीय नगर में रहता है और गैमन इंडिया में संचालित ड्रीमलैंड बार काम करता है। इसी बिल्डिंग में नीतेश पंथी भी कहीं काम करता है। फरदीन राणा ने पुलिस को बताया कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब पौने दो बजे वह बार से निकलकर पार्किंग में पहुंचा था, तभी नीतेश पंथी और उसके साथी अभिषेक ठाकुर ने गालीगलौज करते मारपीट की और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस का कहना है कि घायल के ठीक होने के बाद बयान दर्ज किए जाएंगे। प्राथमिक पूछताछ के बाद आरोपी नीतेश पंथी और अभिषेक ठाकुर पर चाकूबाजी का हमला किया है।

**शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब पौने दो बजे की घटना**

**बाइक पर रास्ते में गंदी हरकत करते हुए देख लोगों को हुआ संदेह**

पीछा कर जंगल में दबोचा, जमकर की धुनाई, किया पुलिस के हवाले

# आठ साल की बच्ची से फुफेरे भाई जंगल में किया दुष्कर्म का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव सुहाया के जंगल में शनिवार शाम आठ साल की बच्ची से 35 साल फुफेरे भाई द्वारा दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपी बच्ची को बाइक से अपने घर खाना बनाने ले जा रहा था। बाइक पर उसने बच्ची के साथ गंदी हरकत की तो कुछ लोगों ने बाइक का पीछा किया। जंगल में ले जाकर आरोपी दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था, तभी लोगों ने उसे पकड़कर धुनाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले आई और प्रकरण दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

**पिता नहीं है, मां के साथ रहती है बच्ची**

पुलिस के अनुसार बैरसिया के एक गांव में रहने वाली आठ साल की बच्ची के पिता नहीं है वह मां के साथ रहती है। बच्ची और मां चाचा के घर रहती है। उनके घर 35 साल के बुआ का बेटा प्रखर अहिरवार (परिवर्तित नाम) का आना-जाना है। प्रखर करीब 15 किमी दूर गांव में रहता है और शादीशुदा है उसके बच्चे भी हैं। प्रखर अक्सर घर में खाना बनाने के लिए बच्ची को अपने साथ ले जाता था। शनिवार को भी वह बच्ची को अपने साथ लेने घर पहुंचा। इसके बाद बाइक पर बिठाकर उसे अपने घर ले जा रहा था। वह शराब के नशे में धुत था। रास्ते में उसने चलती बाइक पर बच्ची के साथ गंदी हरकत की। कुछ लोगों की उस पर नजर पड़ी और उन्होंने बाइक का पीछा किया।



**दो बाइक सवारों की मदद से टली बड़ी घटना**

*बाइक पर आरोपी को बच्ची के साथ गंदी हरकत करते देख दो बाइक सवारों ने उसका पीछा किया। शाम करीब साढ़े 6 बजे आरोपी बच्ची को लेकर सुहाया गांव के जंगल में सुनसान स्थान पर लेकर पहुंचा और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इस बीच पीछा कर रहे लोगों ने उसे रंगे हाथों दबोचकर पिटाई लगा दी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया था। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी ने इससे पहले भी बच्ची के साथ कोई हरकत तो नहीं*

ग्रामीणों में दशहत का माहौल

# दिगवाड़ में तेंदुए ने किया मवेशी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

तेंदुए ने 2 महीने में चार बार मवेशियों का शिकार किया है। उमरिया गांव से लगे दिगवाड़ में रात को तेंदुए ने फिर मवेशी का शिकार किया। इसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रात को आने-जाने में भी डर लगा रहता है। कई बार बरखेड़ा रेंजर फॉरेस्ट को इस बात की सूचना दी है, मगर फिर भी वह गंभीर नहीं है।

ग्रामीण हरजीत सिंह मंगू ने बताया कि उमरिया और आसपास के गांव में डर का माहौल है, क्योंकि आए दिन किसी न किसी आदमी को तेंदुआ दिख रहा है और मवेशियों का शिकार कर रहा है। हमने कई बार फॉरेस्ट को सूचना दी है, मगर फॉरेस्ट के अधिकारी इस ओ ध्यान नहीं दे रहे हैं।



पटवा ने केंद्रीय नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की

# भाजपा के स्थापना दिवस पर हुए आयोजन

एजेंसी ▶▶ औबेदुल्लागंज।

भाजपा के स्थापना दिवस पर रविवार को औबेदुल्लागंज मंडल ने जैन मंदिर धर्मशाला में आयोजन किया, जिसमें विधायक सुरेंद्र पटवा ने राष्ट्र सेवा, लोक कल्याण, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

पटवा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। पटवा ने कहा कि भोजपुर एवं भीमबेटका का तेजी से विकास होगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने 14 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला एवं बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती को मनाने के लिए चर्चा की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, सुरजीत सिंह बिल्ले, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महामंत्री, माधव यादव, माया राय, पार्षद हेमलता चौरसिया, मनोज चौरसिया, कांता पटेल, बागिश अग्रवाल, वचन लोधी, कोमल चौहान, गुड्डु यादव, माखन सेन, लखविंदर सिंह, दशरथ गुर्जर, सना ममनून, आमिर ममनून, राजेंद्र गुड्डू साहू, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, लोकेश परमार, सुजीत चौहान, रूपेश चौहान, रामकिशोर नंदवंशी, नरेश सेठी आदि मौजूद थे।





### स्व. विजय कोठारी के निवास पर फहराया झंडा



**औबेदुल्लागंज।** रविवार को भाजपा स्थापना दिवस पर स्वर्गीय विजय कोठारी के निवास पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने भाजपा का झंडा फहराया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, दशरथ गुर्जर, मनोज चौरसिया ने सबका स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर सहित मंडल के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक डोडियार ने की अवैध शराब पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) से सैलाना के विधायक कमलेश्वर डोडियार ने गांवों में अवैध शराब बिक्री और अवैध शराब परिवहन पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री मंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, आबकारी आयुक्त, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है। उप मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया डोडियार ने बताया कि सैलाना क्षेत्र में आबकारी विभाग के के अधिकारी-कर्मचारी की मिलीभगत से गांव-गांव में अवैध शराब बेचने वाले शराब दुकान ठेकेदारों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए सैलाना विधानसभा क्षेत्र के सभी शराब ठेकों को निरस्त करते हुए प्रतिभूति के रूप में जमा कराई गई राशि को राजसात करे। अवैध रूप से गांव-गांव शराब बिक्री से स्थानीय ग्रामीण युवायों, नाबालिक बच्चों एवं महिलाओं को भी शराब के नशे का आदी बनाया जाकर उनका शोषण किया जा रहा है। जिससे महिलाओं एवं नाबालिक बच्चियों के साथ बलात्कार की घटनाएं बढ़ गई हैं।

**» 25 हजार लेकर बनाए शराब एजेंट**

सैलाना में शराब ठेकेदारों द्वारा गांव के पांच सौ से अधिक स्थानों पर अवैध शराब में बेचने के लिए 25 हजार रुपए लेकर एजेंट बनाए है। एजेंटों को शराब की पेटियां देकर घर-घर से शराब बेचने का कारोबार किया जा रहा है।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित माता मंदिर झुग्गी में रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसे हार्ट अटैक आया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार भागीरथ बाथम पिता बाबूलाल बाथम (52) माता मंदिर के पास झुग्गी में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। रविवार सुबह उनकी अचानक तबीयत बिगड़ी। उन्हें घबराहट होने लगी और सीने में दर्द उठा। परिजन उन्हें फौरन जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**रामनवमी पर हुए धार्मिक अनुष्ठान, प्रभु राम की आरती कर मंगलकामनाएं की**

# फूलों से सजे मंदिरों में गूंजे प्रभु श्रीराम के जयकारे, दी बधाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को नगर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धाभक्ति और धूमधाम से मनाया गया। प्रसाद वितरित किया गया। मानस मंडल ने हवन-पूजन एवं भजन के साथ श्रीराम के जयकारे लगाए। भगवान श्रीराम की आरती की गई। अखंड रामायण के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर संतोष गुप्ता, अनिल, राजकुमार, गोपाल, अंशुल, मुकेश, संदीप आदि मौजूद रहे।

### विधायक पटवा ने सपत्नीक की भगवान राम की पूजा-अर्चना

चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन एवं भगवान श्रीराम नवमी पर भोपाल निवास पर विधायक सुरेंद्र पटवा सपत्निक मोना पटवा ने विधिवत पूजन कर भगवान श्रीराम से देश-प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इसके बाद औबेदुल्लागंज में श्रीराम मंदिर जाकर भगवान श्रीराम की आरती की एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी एवं युवा नेता जीतू नंदवंशी ने बताया कि इस अवसर पर औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। पटवा ने कहा कि प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहें।





### धूमधाम से मनाया कौशल्या नंदन का जन्मोत्सव

**मंडीदीप।** नगर में मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व को धूमधाम से मनाया गया। प्रभु श्रीराम का सुबह श्रीराम जानकी मंदिर में अभिषेक किया गया। उसके बाद 8 बजे मंगला आरती की गई। विशेष श्रृंगार के बाद 12 बजे भक्तों ने भगवान राम के जयकारे लगाएं। ठीक 12 बजे जब भगवान राम का जन्म हुआ। मंदिर के पट खुलने के साथ ही भक्तों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। सभी राम मंदिरों को फूलों से सजाया गया। वार्ड 4 के श्रीराम जानकी मंदिर के पुजारी पं. सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि सुबह 5 बजे प्रभु श्रीराम का अभिषेक और हवन किया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ और दोपहर 12 बजे प्रभु का प्रकट उत्सव मनाकर मंगलाचरण आरती की गई।

# नवरात्रि के समापन पर जगह-जगह हुए भंडारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में नवरात्रि महापर्व के आखिरी दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालु खेड़ापति माता मंदिर, सतलापुर खेड़ापति माता मंदिर, वार्ड नंबर 9 दुर्गा मंदिर, पटेल नगर दुर्गा मंदिर सहित अन्य स्थानों पर विशेष पूजा-अर्चना करने पहुंचे। नवरात्रि के समापन पर बुधवार को जगह-जगह हवन, कन्या पूजन और भंडारे किए गए। नगर के प्राचीन श्रीरामजानकी मंदिर में सुबह से ही भगवान श्रीराम की पूजन, वंदना का क्रम जारी रहा।

**ज्वारे विसर्जन**

नगर में नवरात्रि के समापन के बाद रामनवमी को ज्वारों की विसर्जन यात्रा निकाली गई। दूर-दराज से भक्त देवी दरबार पहुंचे। वहां पूजन किया गया। मां को ज्वारे अर्पित किए गए। इसके बाद नदी, तालाब, पोखरों में उन्हें विसर्जित किया गया। घर-घर पूजा के बाद ज्वारों की यात्रा निकाली। तीखी धूप के आगे आस्था हावी रही। ज्वारों की यात्रा के दौरान भक्त मां की भक्ति में लीन नजर आए।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, मैहर में मां शारदा देवी के भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जाएगा, मैहर में शीघ्र शुरू होगा कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण**

# इसी साल बरगी बांध से मां नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में फसलों की सिंचाई के लिए पहुंचाया जाएगा

## मुख्यमंत्री ने मैहर जिले को 71 करोड़ लागत के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैहर में मां शारदा देवी का भव्य शारदा लोक का निर्माण किया जाएगा। इसीतरह चित्रकूट में वनवासी भगवान श्रीराम लोक का भी निर्माण होगा। आज रावनवमीं पर पूरी अयोध्या जगमग है, तो भगवान श्रीराम की कर्मभूमि चित्रकूट भी आज लाखों दीपों से जगमग होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बहनों की मांग पर मैहर सहित प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी कर दी है। मैहर में शीघ्र ही कलेक्ट्रेट भवन का निमार्ण कार्य शुरू किया जाएगा।

मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गोशाला का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मैहर में रामनवमीं के दिन मां शारदा मंदिर में दर्शन कर आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसी साल बरगी बांध से मां नर्मदा का जल मैहर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हुई है। वर्ष 2003 में केवल 7 लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जिसे 55 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अगले 5 साल में प्रदेश में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी।

**मैहर में 250 एकड़ क्षेत्र में विशाल गोशाला का निर्माण भी किया जाएगा**



**शराब बंदी करने के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत किया**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मंदिर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। वे मैहर नगर में स्टेट बैंक चौराहा, काली माता मंदिर से कटरा बाजार होते हुए घंटाघर चौक तक आयोजित रोड-शो में शामिल हुए। आम जनता ने पुष्पवर्षा कर शराब बंदी करने के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बंधा बैरियर में आयोजित विशाल आमसभा में 71 करोड़ रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

### शराबबंदी लागू करके सराहनीय और साहसिक कार्य किया

*जिले के प्रभारी मंत्री तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह ने कहा कि मैहर जिले को विकास की हर योजना का लाभ मिलेगा। समारोह में सांसद गणेश सिंह ने कहा कि अपने छोटे से कार्यकाल में विशिष्ट कार्यों से अलग पहचान बनाई है। शराबबंदी लागू करके सराहनीय और साहसिक कार्य किया है। उज्जैन के महाकाल लोक की तरह मैहर में भी मां शारदा लोक का निर्माण जिले के लिए बहुत बडी सौगात है।*

### परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष साल भर मनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां शारदा की कृपा से मैहर जिले को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। रामनवमीं पर मां शारदा से मुझे आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। हम रामनवमीं के साथ मां शारदा के परम भक्त और परमवीर आल्हा का 1300वां जन्म वर्ष भी मना रहे हैं। आल्हा ने अपनी वीरता से बुंदेलखण्ड की धरती को वीरों की धरती बनाया। प्रदेश में आल्हा के जीवन से जुडे कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित किए जाएंगे। इसका पूरा खर्च सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक कलाकारों ने भी वीर रस से भरे हुए मोहक आल्हा गायन से युद्धों का सजीव वर्णन किया। ऐसा लग रहा था जैसे सचमुच में तलवारें चल रही हैं। मुख्यमंत्री ने मंच में आल्हा कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाली कला-मण्डलियों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### आज औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र तेजी से विकास कर रहा है। मप्र में वर्ष 2003 के पहले औद्योगिक विकास दर एक प्रतिशत से भी कम थी। आज औद्योगिक विकास दर 12 प्रतिशत है। मप्र देश में सबसे तेजी से औद्योगिक विकास करने वाला राज्य है। हर संभाग मुख्यालय में इन्वेस्टर्स मीट में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश के बडे प्रस्ताव मिले है। ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में 32 लाख सोलर पंप लगाकर किसानों को मुफ्त में बिजली देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैहर सहित प्रदेश के 19 स्थानों में शराबबंदी लागू की गई है।

---



### 65 हजार 14 बूथों पर उत्साह से मनाया गया पार्टी का 46वां स्थापना दिवस

# भाजपा के स्थापना दिवस पर हुए अनुष्ठान, फहराया ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश के सभी 65 हजार 14 बूथों पर प्राथमिक कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाया।

भोपाल के नरेला विधानसभा के बूथ पर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, इंद्रपुरी मंडल में प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और सांसद आलोक शर्मा ने उत्तर विधानसभा के गुरूनानक मंडल के लालघाटी स्थित पंडित दीनदयाल के प्रतिमा स्थल, जबलपुर कार्यालय में प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, सागर संभागीय कार्यालय में प्रदेश शासन के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, ग्वालियर जिला कार्यालय में पार्टी की सांसद भारत सिंह कुशवाह, पर पार्टी का झंडा फहराया। इसी तरह अन्य जिलों में भी कार्यक्रम हुए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी की स्थापना दिवस पर रविवार को अशोकनगर जिला कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने ढाकोनी मंडल के ग्राम धुर्रा बूथ क्र. 54 में बूथ सम्मेलन को संबोधित किया। उज्जैन में भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में झंडा लगाकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान बैंड-बाजे के साथ जुलूस भी निकाला गया और कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।



**पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगाया**

******

**प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम और बूथ सम्मेलन**








हर्षवर्धन नगर के बूथ क्रमांक 188 पर दवे ने किया आयोजन

### स्थापना दिवस पर भाजपा के संस्थापकों को किया याद



रविवार को भाजपा वार्ड 30, शक्ति केंद्र क्रमांक 1, हर्षवर्धन नगर के बूथ क्रमांक 188 पर भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक एवं प्रभारी दक्षिण-पश्चिम विधानसभा महेंद्र दवे ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए उनके जीवन व वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के जनसेवा और जन कल्याण के उद्देश्य एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के साथ केंद्र और मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के विषय में कार्यकर्ताओं व प्रबुद्ध वर्ग से चर्चा की। इस अवसर पर हरीश शर्मा, डॉ. सुनील राय, डॉ. राकेश राय, कैलाश गुप्ता, प्रकाश मोटवानी, लीलाधर येवले, रजत जैन, कृष्णा पंडित, उमाशंकर तिवारी, राजेश हिर्वे आदि उपस्थित थे।

---

### अवधूत श्री दादा गुरु के सानिध्य में कन्या-पूजन कर आध्यात्मिक चर्चा की

# नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने और मां नर्मदा के अविरल प्रवाह का लिया संकल्प

***मुख्यमंत्री ने हवन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नर्मदापुरम जिले के अवधूत श्री दादा गुरु के दादा कुटी में पहुंचकर हवन कर पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने दादा कुटी में 108 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पूजन-अर्चन किया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करने एवं मां नर्मदा नदी के अविरल प्रवाह के लिए संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने अवधूत श्री दादा गुरु के मार्गदर्शन में संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन की। अवधूत श्री दादा गुरू के साथ आध्यात्मिक चर्चा की।

प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान समूचे प्रदेश में शुरू किया है। इस अभियान के तहत बंद एवं लुप्त हो चुकी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन सभी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। अभियान के तहत मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही मां नर्मदा के अविरल प्रवाह के लिए भी संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संकल्प में दादा गुरू का आर्शीवाद हमें प्राप्त हुआ है।



### नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा पथ से होकर जाने वाले नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उनके लिए धर्मशाला एवं अन्य व्यवस्थाएं भी प्राथमिकता से की जाएगी। उन्होंनें कहा कि इससे नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए सभी आध्यात्मिक गतिविधियां सरल एवं सुगम हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र शासन प्रदेश के सभी तीर्थ स्थलों को सुव्यवस्थित एवं विकसित करनें के लिए कृत-संकल्पित है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आज मैहर एवं चित्रकूट भी जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज चित्रकूट का गौरव दिवस है। भगवान श्रीराम ने अपने वनवास के कुछ वर्ष चित्रकूट में बिताये थे। चित्रकूट में रामनवमी के अवसर पर घर-घर में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।*

## सीएम कल देंगे विवेकानंद नीडम आरओबी की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर में विवेकानंद नीडम के समीप नवनिर्मित आरओबी ( रेलवे ओवर ब्रिज) 8 अप्रैल को जनता को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही इस आरओबी से विधिवत आवागमन शुरू हो जाएगा। आरओबी की सुविधा जल्द से जल्द शहरवासियों सहित जिले की जनता को उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर आरओबी पर विद्युतीकरण सहित रोशनी के लिए पोल व रेडियम लगाना, रोड फर्निशिंग एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुगम यातायात के लिए शेष काम युद्ध स्तर पर पूरे किए जा रहे हैं। इस आरओबी के शुरू होने पर लश्कर, कम्पू, आमखो इत्यादि क्षेत्र के निवासी नाका चंद्रबदनी से विवेकानंद नीडम होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच सकेंगे। साथ ही आगरा-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीधे जा सकेंगे। इससे समय की बचत के साथ दूरी भी कम तय करनी पड़ेगी।

---

दमोह ऑपरेशन के बाद सात लोगों की मौत का मामला

## आज जांच के लिए आएगी आयोग की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दमोह के मिशनरी अस्पताल में लंदन के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एनजोन केम के नाम से फर्जी डॉक्टर नरेंद्र यादव पर सात लोगों के दिल के ऑपरेशन करने का आरोप लगा है। आरोप है कि डॉ. नरेंद्र ने दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच ऑपरेशन किए। इन ऑपरेशनों के बाद सात लोगों की मौत हो गई। मामले का खुलासा होने के बाद आरोपी डॉ. नरेंद्र यादव फरार हो गया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने घटना को गंभीरता से लिया है। मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की दो सदस्यीय टीम सोमवार को दमोह में कैम्प लगाकर जांच करेगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक तिवारी ने मानवाधिकार आयोग से इस मामले की शिकायत की थी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। बताया जा रहा है कि जिस अस्पताल की ये घटना है, वह प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अंतर्गत आता है। दावा किया गया कि इसलिए सरकारी धन का दुरुपयोग भी किया गया है।

## 14 जिलों के एसपी के पास नहीं कोई प्रॉपर्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हाल ही में आईपीएस अफसरों ने गृह मंत्रालय को अपनी अचल संपत्ति का ब्यौरा दिया है। इसमें 14 जिलों के एसपी ने अपनी प्रॉपर्टी शून्य बताई है यानि इनके नाम पर कोई प्रॉपर्टी नहीं है। हालांकि 25 जिलों के एसपी ऐसे भी है, जिन्होंने समय सीमा में अपनी प्रापर्टी का ब्यौरा वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया है। इसके अलावा देखा जाए तो 198 आईपीएस अफसरों ने अपनी संपत्ति की जानकारी गृह मंत्रालय को भेज दी है। इसमें एसपी से लेकर डीजीपी तक शामिल है। जिन जिलों के एसपी के पास कोई भी प्रॉपर्टी नहीं है, उनमें बालाघाट एसपी नागेन्द्र सिंह, शिवपुरी एसपी अमन सिंह राठौर, कटनी एसपी अभिजीत कुमार रंजन, छतरपुर एसपी अगम जैन, नीमच एसपी अंकित जायसवाल, विदिशा एसपी रोहित काशवानी, देवास एसपी पुनीत गहलोत, इंदौर एसपी हितिका वासल, अनूपपुर एसपी मोती उर रहमान, सीधी एसपी रवीन्द्र वर्मा, नर्मदापुरम एसपी गुरूकरण सिंह, सतना एसपी आशुतोष, नरसिंहपुर एसपी मृगाखी डेका, राजगढ़ एसपी आदित्य मिश्रा शामिल है। इधर 25 जिलों के एसपी ऐसे भी है। जिन्होंने अपनी संपत्ति का ब्यौरा अभी तक नहीं दिया है।

---

### हड़ताल पर डटे कुक्कुट निगम के कर्मचारी

## मंत्री पटेल के निर्देश के बाद भी नहीं लागू कर रहे संविदा नीति




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों की तानाशाही इस कदर हावी है कि वह मंत्री तक के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे है।

अधिकारियों की मनमानी का एक ऐसा ही मामला कुक्कुट विकास निगम में देखा जा रहा है। पशुपालन मंत्री लखन पटेल द्वारा तीन बार बैठक कर पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, कुक्कुट निगम के प्रबंध संचालक डॉ. राजू रावत और अपने विशेष सहायक पीसी जैन को निर्देशित किया गया था कि कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों की नस्ती पर तत्काल निर्णय लेकर संविदा निति को लागू करे। मंत्री लखन पटेल के निर्देश के बाद भी अभी तक आदेश जारी नहीं किए गए। वहीं संविदा कर्मचारी भी प्रबंधन की वादाखिलाफ के विरोध में हड़ताल पर डटे है। रविवार को राम नवमी का पर्व होने के बाद भी कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है कि मंत्री में ऊपर अफसरशाही हावी हो रही है। देखना यह है कि कब तक तानाशाही अधिकारी मंत्री निर्देशों का पालन नहीं करते। रमेश राठौर ने चेतावनी दी कि जब तक संविदा नीति लागू नहीं हो जाती, तब तक हड़ताल पर रहेंगे।

## सातवें पे कमीशन के अनुरूप दिया जाए महंगाई भत्ते का लाभ

मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश के कर्मचारियों को भत्तो का लाभ सातवें पे कमीशन के अनुरूप देने की मांग की है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों को यात्रा भत्ता, अव्यावसायिक भत्ता, यात्रा स्थाई भत्ता, गृह भाड़ा, दोहरा कार्य भत्ता, उच्च पद प्रभार भत्ता देने के आदेश जारी करें।

---

### मुख्यमंत्री श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

**11 लाख दीपों से धर्मनगरी जगमगा उठी**

# चित्रकूट धार्मिक स्थल ही नहीं, सनातन संस्कृति सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का है जीवंत केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत केंद्र है। यह परमधाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली है, जहां भगवान श्रीराम, माता जानकी और भैया लखन के साथ सदा सर्वदा निवास करते हैं। रामनवमीं के दिन तपोभूमि चित्रकूट में आकर धन्य हो गया।

मुख्यमंत्री ने रविवार को श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में दीपदान किया। उन्होंने मां मंदाकिनी की पूजा-अर्चना भी की। इस मौके पर मंदाकिनी के तट पर भरत घाट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली है। आज पवित्र नौवीं तिथि है और कामतानाथ जी की नगरी चित्रकूट अपना गौरव दिवस मना रही है। चित्रकूट के घाटों पर असंख्य दीपदान की अलौकिक छटा दिख रही है। भरत घाट, कामदगिरि पर्वत, कामतानाथ स्वामी मंदिर के साथ




चित्रकूट के सभी मंदिरों और घर-घर एवं गली, मोहल्लों, रास्तों में दीपमालाओं की अनुपम छटा देखते ही बन रही है। उन्होंने नगर वासियों को रामनवमीं एवं चित्रकूट गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### गौरव दिवस पर कलाकारों का सम्मान किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट के गौरव दिवस पर कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंग वस्त्रम पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद सतना गणेश सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह परम सौभाग्य है कि चित्रकूट की पावन धरा में श्रीराम के प्राकट्य पर्व और चित्रकूट गौरव दिवस के आयोजन में मुख्यमंत्री जी का आगमन हुआ है।

गौरव दिवस पर मां मंदाकिनी के भरत घाट सहित चित्रकूट में 11 लाख दीपों से धर्मनगरी जगमगा उठी। इस अवसर पर रंगोली बनाकर लोगों ने अपने उत्साह का परिचय दिया। चित्रकूट गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में नगरीय विकास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार आदि उपस्थित रहे।



# अजय देवगन की वजह से फ्लॉप हुई 'भेड़िया'...

**मुंबई।** रोमांटिक और कॉमेडी जॉनर की फिल्मों में वरुण धवन पसंद किए जाते हैं। बॉलीवुड की ज्यादातर एक्ट्रेस के साथ उन्होंने बतौर लीड एक्टर काम किया है। साल 2022 में उनकी एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम भेड़िया था और इसमें उनके साथ बी टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन भी नजर आईं। खैर, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। अब इसके डायरेक्टर ने इसके असफल होने पर खुलकर बात की है। कोमल नाहटा के पॉडकास्ट 'गेम चेंजर्स' में स्त्री जैसी हिट फिल्म देने वाले डायरेक्टर अमर कौशिक नजर आए। इस दौरान उन्होंने अपनी कुछ सफल और असफल फिल्मों पर बात की।

लाइफ Style



# प्रियंका
## हाथ लगी साउथ की एक और मूवी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा।

प्रियंका चोपड़ा लंबे समय से हॉलीवुड में काम कर रही थीं। बॉलीवुड के फैंस उनका हिंदी फिल्म में काम करने का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल वो साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू संग काम कर रही हैं। अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि मेकर्स एक और हाई-प्रोफाइल बॉलीवुड स्टार पर विचार कर रहे हैं। एटली पहले सलमान खान के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है। चर्चा है कि एक बॉलीवुड एक्ट्रेस इसमें कदम रखेगी। लेट्स सिनेमा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा को इस प्रोजेक्ट के लिए फीमेल लीड के रोल में माना जा रहा है। अभी इसका नाम 'पैरेलल यूनिवर्स' रखा गया है, जो टेम्परेरी है। इसमें अल्लू अर्जुन डबल रोल में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक इस पर ऑफिशियली कोई बयान नहीं है। प्रियंका चोपड़ा इस समय राजामौली की जंगल एडवेंचर 'एसएसएमबी 29' (नाम तय नहीं) में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन संग एक्टिंग कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# न्यू बेबी को किया वेलकम

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और ऑस्कर विजेता जेनिफर लॉरेंस न सिर्फ अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने बेबाक अंदाज और सामाजिक मुद्दों पर मुखरता से राय रखने के लिए भी चर्चाओं में रहती हैं। उन्होंने 2019 में कुक मारोनी से शादी की थी, और अब इस कपल ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 31 मार्च को जेनिफर और उनके पति कुक मारोनी को न्यूयॉर्क की सड़कों पर स्पॉट किया गया था।



# टॉम के फिल्म पर उठा पर्दा ...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टॉम हॉलैंड काफी समय से स्पाइडर-मैन के चौथे पार्ट को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फ्रेंचाइजी के दीवाने लंबे समय से मूवी की रिलीज डेट का इंतजार कर रहे थे। अब महीनों बाद, अभिनेता ने फैंस को फिल्म के टाइटल के साथ-साथ उसकी रिलीज डेट पर भी अपडेट दिया है। आइए जानते हैं कि कब आप अपने पसंदीदा पीटर पार्कर को सिल्वर स्क्रीन पर देख पाएंगे। टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रेंचाइजी अपनी चौथी किस्त के साथ रिलीज के लिए तैयार है। टॉम हॉलैंड एक बार फिर एक्शन अवतार में वापसी करने वाले हैं। लास वेगास के सिनेमाकॉन में निर्देशक डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने बताया कि फिल्म की शूटिंग गर्मी के अंत तक पूरी हो सकती है।



# माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंची ईशा...

**मुंबई।** अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने आज राम नवमी के दिन माता वैष्णो देवी के दर्शन किआ और साथ ही खुद को बहुत भाग्यशाली बताया। नवरात्रि का आखिरी दिन होने के कारण यह मौका खास था। ईशा ने गुलाबी कपड़े और धूप के चश्मे पहने थे, साथ में सुंदर झुमके भी पहने थे। एएनआई से बातचीत के दौरान ईशा ने कहा, हम नवरात्रि के नवमी के दिन यहां आए, यह बहुत सौभाग्य की बात है। आप सभी को माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद मिले। जय माता दी।



# संभाजी महाराज के बाद जादूगर बने...

**मुंबई।** विक्की कौशल इन दिनों अपने करियर की ऊंचाई पर हैं। हाल ही में आई उनकी ऐतिहासिक फिल्म छावा की सफलता के बाद अब उन्होंने अपनी अगली फिल्म का पहला लुक जारी कर फैंस को चौंका दिया है। इस बार विक्की का अंदाज कुछ अलग और मजेदार होने वाला है। खास बात है कि अभिनेता इस बार जादूगर बनने की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये पोस्टर आते ही वायरल हो गया है और फैंस उनके इस नए अवतार को खूब पसंद कर रहे हैं। पोस्टर में विक्की कौशल हरे रंग की चमकदार ड्रेस में नजर आ रहे हैं।





आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी ज़बरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

## पेज एक का शेष...

### रामनवमी के अभिजीत...

तिलक होता रहेगा। श्री राम जन्मोत्सव पर सूर्य तिलक का धार्मिक महत्व है। प्रेरणा रामचरितमानस की चौपाई- 'मास दिवस कर दिवस भा मरम न जानइ कोइ, रथ समेत रबि थाकेउ निसा कवन बिधि होइ' है। चौपाई में तुलसीदास लिखते हैं कि रामलला का जब जन्म हुआ, तब सूर्य देव अयोध्या पहुंचे। इतना मोहित हुए कि एक महीने अयोध्या में रह गए। इस दौरान अयोध्या में रात नहीं हुई। भगवान राम सूर्यवंशी थे यानी सूर्य उनके कुल देवता हैं।

### तमिल भाषा में जारी...

कॉलेज मिले हैं। अब गरीब से गरीब बेटा-बेटी भी डॉक्टर बन सकते हैं। मैं तमिलनाडु सरकार से कहना चाहता हूं कि वे तमिल भाषा में मेडिकल कोर्स जारी करें, ताकि अंग्रेजी न जानने वाले गरीब परिवार के बेटे-बेटी भी डॉक्टर बन सकें।

### जहाज गुजरने पर...

इंजीनियरिंग की एक बड़ी उपलब्धि है। इसे रामनवमी के दिन ही देश को समर्पित किया गया है। गौर हो कि यह नया ब्रिज अमेरिका के गोल्डन गेट ब्रिज, लंदन का टावर ब्रिज और डेनमार्क-स्वीडन को जोड़ने वाला ओरेसुंड ब्रिज जैसे दुनिया के अन्य मशहूर ब्रिज की श्रेणी में गिना जा रहा है।

**क्या होता है वर्टिकल लिफ्ट पुल ?:** वर्टिकल लिफ्ट पुल ऐसा पुल होता है, जिसे जरूरत पड़ने पर पानी की सतह से ऊपर उठाया जा सके। वर्टिकल पुल को ऊपर उठाने पर उस जगह से पानी के बड़े जहाज आसानी से गुजर सकेंगे।

### चीतों को परात में...

केन से परात में पानी भरता है और शिकार के बाद पेड़ के नीचे बैठकर अपने शवकों के साथ आराम कर रही ज्वाला को आवाज देता है। वह चीतों को अंग्रेजी में 'कम' कहकर बुलाता है, यह सुनते ही ज्वाला और उसके चारों शवक तुरंत उसके पास पहुंच जाते हैं और परात से पानी पीते हैं। बताया जा रहा है कि इससे कुछ देर पहले ही चीता फैमिली ने बकरियों का शिकार किया था। वन विभाग ने वन्य जीव संरक्षण और सुरक्षा के खिलाफ यह कदम माना है। गुर्जर को नौकरी से फौरन हटा दिया है। वन्य जीवों से इस तरह का नजदीकी बर्ताव पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

### दीनदयाल जी की झोपड़ी ...

फेंफड़े धुएं से खराब नहीं होंगे। उन्होंने उज्जवला योजना की शुरुआत की। आज देश के 16 करोड़ गरीब परिवारों को गैस कनेक्शन देकर धुएं से राहत दी है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा रविवार को भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना जनसंघ के रूप में बलिदानों के आधार पर हुई। उन्होंने भारतमाता एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### इस्तीफा देकर जनसंघ ...

कश्मीर जाकर सत्याग्रह किया और जेल में उनकी हत्या कर दी गई। शर्मा ने कहा कि जनसंघ के बाद 1980 में 6 अप्रैल को ही अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। मुंबई में पार्टी के पहले अधिवेशन को संबोधित करते हुए अटल जी ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5829



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

### शब्द पहेली- 5828 का हल




## सूडोकु नवताल- 5839

★☆☆☆☆ सरल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल- 5838 का हल



टैरिफ बढ़ने के बाद नए पुराने सभी ऑर्डर ठप

# व्यापारियों ने की केंद्र सरकार से दखल देने की अपील

**निर्यातकों ने कहा अमेरिकी खरीदारों ने फिलहाल रोक देने के लिए कहा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रंप सरकार की तरफ से पारस्परिक शुल्क की घोषणा का दूरगामी असर चाहे जो भी हो, फिलहाल गारमेंट और लेदर आइटम जैसे रोजगारपरक सेक्टर में अमेरिका से मिलने वाले ऑर्डर होल्ड पर चले गए हैं। निर्यातकों के मुताबिक पुराने ऑर्डर की डिलीवरी भी अमेरिकी खरीदारों ने फिलहाल रोक देने के लिए कहा है।

निर्यातक और आयातक दोनों ही स्थिति के साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। भारतीय निर्यातकों को उम्मीद है कि सरकार भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत के पारस्परिक शुल्क को लेकर अमेरिका की सरकार के वार्ता कर सकती है और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) होने तक इसे टालने की गुजारिश कर सकती है।



### अमेरिकी खरीदार मांग रहे छूट

काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट के चेयरमैन आरके जालान ने बताया कि कुछ खरीदार तो कीमत में 26 प्रतिशत तक की छूट मांग रहे हैं। हम 6-7 प्रतिशत के मार्जिन पर काम करते है, इसलिए हम अधिक से अधिक 2.5-3 प्रतिशत तक की छूट दे सकते हैं। अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने बताया कि कुछ बड़े निर्यातक अमेरिकी खरीदार को थोड़ी बहुत छूट दे सकते हैं, लेकिन बाकी के लिए यह संभव नहीं है। कुछ अमेरिकी खरीदार छूट नहीं देने की स्थिति में पुराने आर्डर को रद करने की भी धमकी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तो नए-पुराने सभी ऑर्डर ठप है। अगले कुछ सप्ताह के बाद ही निर्यात को लेकर कुछ कहा जा सकता है। अपैरल के निर्यातक व फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस के पूर्व अध्यक्ष ए. शक्तिवेल ने बताया कि अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं है। हमने शुल्क को लेकर सरकार से ट्रंप सरकार से बातचीत करने की गुजारिश की है। एक स्थिति यह भी बन रही है कि भारत की अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता शुरू हो गई है और आगामी सितंबर-अक्टूबर तक पहले चरण का समझौता हो जाएगा। बीटीए होने से कई वस्तुओं पर ऐसे ही शुल्क खत्म हो जाएंगे।

### वियतनाम ने खत्म किया टैक्स

दूसरी तरफ वियतनाम ने पारस्परिक शुल्क की घोषणा के बाद अमेरिकी वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क को पूरी तरह से समाप्त करने की घोषणा की है। वियतनाम पर 46 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क लगाया गया था। अब वियतनाम को अमेरिका से शुल्क में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने पत्र लिखकर सरकार से पारस्परिक शुल्क को टालने के संबंध में अमेरिका से बातचीत करने का अनुरोध किया है। इन सबके बीच अमेरिका के खरीदार भारतीय निर्यातकों से डिलीवरी कीमत में 10-26 प्रतिशत तक की छूट मांग रहे हैं। हालांकि गारमेंट और लेदर सेक्टर के भारतीय निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका के बाजार में कई देशों से भारी प्रतिस्पर्धा होने के नाते हम पहले से ही कम मार्जिन पर काम करते हैं, इसलिए अमेरिकी खरीदारों को छूट देने की गुंजाइश नहीं है।


### अभी व्यापार की कोई बात नहीं कर रहे

*कंफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज (सिटी) के पूर्व अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि ट्रंप सरकार के रुख को देखते हुए हमें घोषित शुल्क में कटौती की उम्मीद है। अमेरिका के खरीदार भी इसलिए अभी व्यापार की कोई बात नहीं कर रहे हैं। वर्ष 2024 में भारत ने अमेरिका को 10.5 अरब डॉलर के टेक्सटाइल का निर्यात किया था। लेदर आइटम का अमेरिका में लगभग एक अरब डॉलर का निर्यात किया जाता है। पारस्परिक शुल्क लगने के बाद भारत व अन्य देशों से अमेरिका जाने वाली वस्तुएं महंगी हो जाएंगी। इससे अमेरिका के खुदरा ग्राहक खरीदारी से कतराएंगे। इस स्थिति को टालने के लिए अमेरिका के आयातक कीमत में रियायत देने की मांग कर रहे हैं, ताकि अमेरिका के ग्राहकों पर इसका कम बोझ पड़े और उनका धंधा चलता रहे।*

फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक ने ट्रंप के टैरिफ पर कहा

## भारत के फार्मा, टैक्सटाइल, ऑटो एवं ज्वेलरी सेक्टर पर पड़ेगा अधिक प्रभाव

*भोपाल। अमेरिका जिस प्रकार एग्रेसिव तरीके से विभिन्न देशों पर टैरिफ बढ़ा रहा है। इसके बहुत ही व्यापार परिणाम दिखाई देंगे। इससे भारत के फार्मा, टेक्सटाइल, आटो एवं ज्वेलरी सेक्टर पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा। विशेषकर भारत से सी-फूड बहुत अधिक निर्यात किया जाता है, इसलिए इस सेक्टर पर बहुत अधिक प्रभाव दिखाई देगा। विशेषकर एमएसएमई सेक्टर पर क्योंकि यह सभी क्षेत्र लेबर ओरिएंटेड है। इस बढ़े हुए टैरिफ से हमारी जीडीपी पर लगभग 1 प्रतिशत का प्रभाव पड़ेगा। यह बात फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कही। शर्मा के अनुसार अमेरिका यह अपनी मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के विकास के लिए कर रहा है। भारत से कुल 17 प्रतिशत निर्यात अमेरिका को किया जाता है। जिसका आल्टरनेट भारत यूरोपिय यूनियन के देशों के रूप में तलाश करेगा। इसके साथ ही चीन ने भी भारत के साथ ट्रेड डेफिसिट को कम करने का आश्वासन दिया है। इसके परिणाम स्वरूप भारत से चीन को अधिक निर्यात किया जायेगा, इसके लिए चीन ने आश्वस्त भी किया है। अभी अमेरिका द्वारा प्रारंभिक 26 प्रतिशत तक का जो टैरिफ लगाया गया है, अगस्त-सितम्बर तक इस टैरिफ में कमी आने की आशा है। दीपक शर्मा ने कहा कि यहां विश्व व्यापार संगठन अप्रासंगिक हो गया है और भी कई वैश्विक संस्थाय ध्वस्थ हो रही है। प्रत्येक शक्तिशाली देश अपनी मनमर्जी करने पर आतुर है, चाहे वह व्यापार का क्षेत्र हो या युद्ध का क्षेत्र हो, इसका दुश्परिणाम आगे दुनिया को देखने को मिलेगा।*



---

आयुर्वेदिक प्रथाओं को मॉडर्न स्वास्थ्य सेवा में जोड़ने का महत्वपूर्ण काम

# पतंजलि के आयुर्वेदिक उत्पाद से स्वास्थ्य सेवा को मॉडर्न लाइफस्टाइल में मिली नई दिशा

**प्राचीन आयुर्वेदिक उपचारों का आधुनिकीकरण**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

योग गुरु बाबा रामदेव और आयुर्वेदिक विद्वान आचार्य बालकृष्ण ने 2006 में पतंजलि आयुर्वेद की स्थापना की थी। जिसके बाद इस संस्थान ने पारंपरिक आयुर्वेदिक प्रथाओं को मॉडर्न स्वास्थ्य सेवा में जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया है। प्राचीन आयुर्वेदिक उपचारों का आधुनिकीकरण करके और उन्हें आज के वैज्ञानिक रिसर्च के साथ जोड़कर, पतंजलि ने आयुर्वेद को हमारे मॉडर्न लाइफस्टाइल को थोड़ा बेहतर बना दिया है।




### आयुर्वेदिक उत्पादों का आधुनिकीकरण

पतंजलि ने पारंपरिक आयुर्वेदिक दवाओं को आज के जमाने के यूजर्स के लिए बदल दिया है। अश्वगंधा और त्रिफला जैसे उपचारों को टैबलेट के रूप में बना कर कंपनी ने उनके इस्तेमाल को बहुत ही आसान बनाया है, जिससे उनका रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल बहुत आसान हो गया है।

#### रिसर्च, डेवलपमेंट व मार्केटिंग प्लान

पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट आयुर्वेद को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने में सहायक रहा है। संस्थान आयुर्वेदिक दवाओं को वैज्ञानिक रूप से मान्यता दिलाने, उनकी गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

### पतंजलि का मार्केटिंग प्लान राष्ट्रीय गौरव के हित में

कंपनी अपने उत्पादों को मल्टीनेशनल ब्रांड के लिए एक अच्छे विकल्प के रूप में पेश करती है। कॉम्पिटिटिव प्राइस निर्धारित करने और बाबा रामदेव के करिश्माई नेतृत्व ने यूजर्स का विश्वास और वफादारी दोनों को बढ़ावा दिया है। कंपनी का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, जिसमें स्पेशल आउटलेट और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शामिल हैं, ये सुनिश्चित करते है।

### वैश्विक पहुंच और सांस्कृतिक एकीकरण

*पतंजलि का प्रभाव भारत ही नहीं बल्कि विदेश में भी फैला हुआ है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर आयुर्वेद को बढ़ावा देता है। योग और आयुर्वेद को एक साथ लाकर कंपनी ने स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक होलिस्टिक अप्रोच को प्रोत्साहित करते हुए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त की है। बाबा रामदेव के योग शिविरों और मीडिया मैनेजमेंट ने इसे और बढ़ाया है, जिससे दुनिया भर में लाखों लोग आयुर्वेद पर आधारित प्राकृतिक और बैलेंस्ड लाइफस्टाइल अपनाने के लिए प्रेरित हुए हैं।*

### चुनौतियां और भविष्य की दिशाएं

*अपनी सफलता और अथक प्रयासों के बावजूद पतंजलि को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें क्वालिटी से संबंधी दिक्कतें और आयुर्वेदिक सेक्टर में विस्तार करने वाली एफएसीजी कंपनियों से कॉम्पटीशन शामिल है। ऐसे में कड़े क्वालिटी कंट्रोल मानकों और लगातार हो रहे नए लेवेल के प्रोडक्ट को बनाना महत्वपूर्ण होगा।*


# आकर्षण के केंद्र के साथ बन गया नया सेल्फी पॉइंट 10 नंबर मार्केट का म्यूजिकल फाउंटेन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के सबसे व्यस्ततम मार्केट एवं पॉश बाजारों में से एक 10 नंबर मार्केट में नगर निगम द्वारा नवनिर्माणाधीन म्यूजिकल फाउंटेन शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के साथ और यहां पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को संगीतमय जलधाराओं का अद्भुत अनुभव करा रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत भोपाल को और अधिक आकर्षक और आधुनिक बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

दस नंबर, नेहरू मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार और महासचि हरीश चोइथानी ने कहा कि म्यूजिकल फाउंटेन की सौगात मार्केट को मिलने से यहां सौंदर्यीकरण में जबरदस्त निखार आया है। मार्केट परिसर में रंगीन फव्वारा का विधिवत शुभारंभ महापौर श्रीमती मालती राय द्वारा करके उसे आम जनता को समर्पित किया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सुरजीत सिंह चौहान, क्षेत्र की पार्षद शिखा मोनू गोहिल एवं सभी व्यापारी उपस्थित रहे। फाउंटेन लगने से मार्केट की छटां अद्भुत हो गई है साथ ही मार्केट में आने वाले ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र एवं नया सेल्फी पॉइंट बन गया है जहां बच्चे एवं युवा वर्ग सेल्फी लेने में आनंद महसूस कर रहे हैं।

बच्चे एवं युवा वर्ग सेल्फी लेने में आनंद महसूस कर रहे



---

## बिजनेस न्यूज

### 'सोया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2025', पोषण, कृषि और उद्यमिता पर चर्चा



**इंदौर ।** जब विश्व स्वास्थ्य संकट, पोषण असंतुलन, जलवायु परिवर्तन और खाद्य असुरक्षा जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में टिकाऊ और सुलभ प्रोटीन स्रोतों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महसूस की जा रही है। इन्हीं मुद्दों पर केंद्रित 'सोया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस 2025' का आयोजन सोया फूड प्रमोशन एंड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में किया गया। इस मौके पर एसएफपीडब्लूए के चेयरमैन डॉ. सुरेश इतापू, यूएस सोयाबीन एक्सपोर्ट काउंसिल के रीजनल डायरेक्टर केविन रोएप्के, एसएफपीडब्लूए के मुख्य संरक्षक गिरीश मतलानी और पतंजलि फूड्स के सीईओ संजीव अस्थाना आदि सहित विभिन्न तकनीकी सत्रों और पैनल चर्चाओं में बतौर वक्ता के रूप में 25 से अधिक विषय विशेषज्ञ और विभिन्न देशों से आए कृषि वैज्ञानिकों, पोषण विशेषज्ञों, उद्यमियों, नीति-निर्माताओं और कृषकों ने मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने बताया कि सोया न केवल पोषण की समस्या का समाधान प्रदान करता है, बल्कि यह पारंपरिक पशु-आधारित प्रोटीन स्रोतों की तुलना में कहीं अधिक टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल है। सोया की खेती में जल, भूमि और ऊर्जा की खपत अपेक्षाकृत कम होती है और यह पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाता है। शोध के अनुसार, केवल एक टन सोयाबीन उत्पादन से लगभग 40 लाख गैलन पानी की बचत की जा सकती है।

### फेडरेशन की त्रैमासिक बैठक कटनी में 10 अप्रैल को

**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने बताया कि आगामी 10 अप्रैल को फेडरेशन की एक दिवसीय त्रैमासिक बैठक फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा की अध्यक्षता में कटनी में होगी। फेडरेशन के महासचिव(संगठन) राजेश हार्डिया ने बताया कि फेडरेशन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं त्रैमासिक बैठक इस बार कटनी शहर में आयोजित की जा रही है। कोषाध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि इस बैठक में ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल राव एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन उपस्थित रहेंगे। महासचिव (प्रशासनिक) गुड्डा अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के व्यापारी बंधु इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। त्रैमासिक बैठक कटनी टेंट लाइट एसोसिएशन के आतिथ्य में सम्पन्न होगी।

### क्रॉम्पटन के 3-स्टार ऊर्जा दक्ष में तकनीक का अनोखा संगम


**मुंबई।** कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेगमेंट में अग्रणी क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपना नया प्रीमियन अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन पेश किया है।यह प्रीमियम इंडक्शन फैन न केवल शानदार डिजइन बल्कि शक्तिशाली तकनीक और उच्च प्रदर्शन के साथ आता है, जो आपके रहने की जगह को एक नया आयाम देता है। बैलेरीना की सुंदर घुमावदार मुद्रा से प्रेरित, अवांसर स्वर्ल कालातीत सुंदरता और गतिशीलता का प्रतीक है। क्रॉम्पटन अवांसर स्वर्ल सीलिंग फैन 6 आकर्षक रंगों में उपलब्ध है– कॉन्क क्रीम, आइस कॉफी,शैडो ग्रे, डार्क सैफायर, अमेरिकानो ब्राउन और कोकोआ गोल्ड। इस प्रोडक्ट की अधिकतम खुदरा कीमत 7,499 रखी गई है और इसे सभी क्रॉम्पटन अधिकृत रिटेल आउटलेट्स और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर खरीदा जा सकता है।

### किसानों एवं एमएसएमई को सशक्त बना कार्यशाला का आयोजन




**नई दिल्ली।** घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने सोसायटी फॉर एम्पावरमेंट ऑफ रूरल पॉवर्टी, आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि पहल के तहत अनंतपुर में कार्यशाला का आयोजन किया। आंध्र प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री कोडापल्ली श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में किसान उत्पादक संगठनों को बाजार से जुड़ी अहम जानकारियों, डिजिटल टूल्स और कारोबार के विकास के लिए जरूरी रणनीति से लैस करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय बाजार तक किसानों एवं कृषि कारोबारियों की पहुंच में मदद के लिए फ्लिपकार्ट के निजी लेबल वाले किराना कारोबार की सोर्सिंग से जुड़े अवसरों पर भी जोर दिया गया। इस साझेदारी को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित समाधान के माध्यम से छोटे कारोबारियों और किसानों का समर्थन करना फ्लिपकार्ट के विजन का हिस्सा रहा है। आंध्र प्रदेश हमारे लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है। एसईआरपी के साथ साझेदारी करते हुए हम कृषि कारोबारियों एवं ग्रामीण उद्यमियों को जरूरी टूल्स, जानकारियां एवं पहुंच बढ़ाने व डिजिटल इकोनॉमी में सफलता के अवसर प्रदान करते हुए सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### एसबीआई ने अमृत कलश एफडी पर 7.60 फीसदी ब्याज दर की पेशकश रोकी




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी अमृत कलश सावधि जमा (एफडी) योजना बंद कर दी है, जो पहले सीमित अवधि के लिए उपलब्ध थी। इस योजना में नियमित निवेशकों के लिए 7.10 फीसदी प्रति वर्ष की उल्लेखनीय ब्याज दर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 400-दिवसीय जमा पर 7.60 फीसदी की उच्च दर की पेशकश की गई थी। एसबीआई की वेबसाइट के अनुसार 400 दिन (अमृत कलश) की विशिष्ट अवधि योजना 12 अप्रैल 2023 से 7.10 फीसदी की ब्याज दर पर उपलब्ध होगी। वरिष्ठ नागरिक 7.60 फीसदी की ब्याज दर के लिए पात्र हैं। इसे 01 अप्रैल 2025 से वापस ले लिया गया है। यह बंद तब हुआ है जब वित्तीय संस्थान भारतीय रिजर्व बैंक की आगामी मौद्रिक नीति समिति ( की बैठक से पहले अपनी ब्याज दरों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। यह घटनाक्रम एचडीएफसी बैंक, यस बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक सहित अन्य बैंकों द्वारा इसी तरह की दरों में समायोजन के बाद हुआ है, जिन्होंने नियामक घोषणाओं की प्रत्याशा में अपनी एफडी ब्याज दरों में भी कमी की है।अमृतकलश योजना को वापस ले लिया गया है, लेकिन एसबीआई अपनी अमृत वृष्टि विशेष एफडी योजना की पेशकश जारी रखे हुए है। 15 जुलाई, 2024 को लांच की गई अमृत वृष्टि 444-दिन की अवधि की जमा राशि है जो वर्तमान में नियमित निवेशकों के लिए 7.25 फीसदी प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर प्रदान करती है। यह योजना वरिष्ठ नागरिकों को 7.75 फीसदी की उच्च दर प्रदान करती है, जबकि सुपर वरिष्ठ नागरिकों, आमतौर पर 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को 7.85 फीसदी प्रति वर्ष की और भी अधिक अनुकूल दर प्राप्त होती है।

---

स्वतंत्र, प्रतिस्पर्धी और ग्राहक केंद्रित कार्यप्रणाली की पुष्टि

# एलआईसी ने यूएसटीआर की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया दी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) द्वारा हाल ही में की गई उस टिप्पणी का संज्ञान लिया है जिसमें भारत सरकार द्वारा एलआईसी को विशेष दर्जा दिये जाने का उल्लेख किया गया है। एलआईसी यह स्पष्ट करना चाहती है कि सरकार और विनियामक द्वारा एलआईसी को किसी भी अन्य बीमा कंपनी के समान समझा जाता है।

1956 में एलआईसी की स्थापना के समय दी गई गारंटी, एक क़ानूनी प्रावधान है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीयकरण के शुरुआती वर्षों में आम जनता का विश्वास प्राप्त करना था। इस गारंटी का आज तक एलआईसी ने कभी भी उपयोग नहीं किया है और ना ही इसे विपणन (मार्केटिंग) टूल के रूप में प्रयोग कर कोई अनुचित लाभउठाया गया है। पिछले 25 वर्षों से एलआईसी भारत में पूर्ण प्रतिस्पर्धी जीवन बीमा बाजार में कार्य कर रहा है, जहां वह 24 निजी बीमा कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। एलआईसी को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा नियंत्रित किया जाता है और इसे सरकार या किसी भी नियामक से कोई विशेष रियायत या छूट प्राप्त नहीं होती है।




### 69 वर्षों की विरासत

*एलआईसी का बीमा क्षेत्र में नेतृत्व उसके करोड़ों पॉलिसीधारकों के विश्वास, गुणवत्तापूर्ण सेवा, और आर्थिक मजबूती एवं पारदर्शिता का परिणाम है। 69 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ अपनी सेवा यात्रा में एलआईसी ने समर्पण और व्यावसायिकता के साथ पूरे भारत के कोने-कोने में 30 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की है। एलआईसी का यह दृढ़ विश्वास है कि यूएसटीआर की टिप्पणी भारतीय बीमा विनियमन और एलआईसी की कार्यप्रणाली की अधूरी और त्रुटिपूर्ण समझ पर आधारित है। हम भारत में वित्तीय समावेशन और पॉलिसीधारकों की सुरक्षा में एलआईसी की भूमिका और योगदान के बारे में अधिक संतुलित और तथ्यात्मक मूल्यांकन का आग्रह करते हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम प्रशासन, सेवा और ग्राहक विश्वास के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है ।*

# टीवीएस 'अपाचे' पर 6 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैंगलुरू

दोपहिया एवं तिपहिया सेगमेंट में अग्रणी विश्वस्तरीय ऑटोनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी अपने प्रीमियम मोटरसाइकल ब्राण्ड टीवीएस अपाचे की दो उपलब्धियों का जश्न मना रही है- ब्रांड की 20वीं सालगिरह और दुनिया भर में 6 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं का भरोसा। आधुनिक रेसिंग टेक्नोलॉजी से बनी और टीवीएस रेसिंग चैम्पियनशिप की वंशावली से प्रेरित टीवीएस अपाचे 60 से अधिक देशों में सबसे तेज़ी से विकसित होते स्पोर्ट्स मोटरसाइकल ब्राण्ड्स में से एक बन चुकी है।




### 20 सालों से ब्रांड के प्रति उत्साह एवं भरोसा

सुदर्शन वेनु, मैनेजिंग डायरेक्टर, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा कि हम टीवीएस अपाचे के 6 मिलियन से अधिक राइडरों के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने पिछले 20 सालों के दौराने ब्राण्ड के प्रति उत्साह एवं भरोसा दर्शाया है। उनके इसी उत्साह के चलते आज टीवीएस अपाचे दुनिया में सबसे तेज़ी से विकसित होते स्पोर्ट्स मोटरसाइकल ब्राण्ड्स में से एक बन चुका है। यह नई पीढ़ी के युवा राइडरों को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो मोटरसाइकल चलाने के रोमांच को महसूस करते हैं।

एमसीएक्स पर 90 हजार से नीचे

# चांदी चकनाचूर, दो दिन में 11 हजार रु. टूट, 89,271 रुपए प्रति किलोग्राम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू मार्केट में चांदी की कीमतों मे पिछले दो दिनों में 11 हजार रुपए की गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सप्ताह के अंतिम दिन चांदी 89,234 रुपए प्रति किलोग्राम के इंट्राडे लो तक नीचे चली गई। ठीक दो दिन पहले यानी 2 अप्रैल को यह 99,753 रुपए पर बंद हुई, जबकि पिछले हफ्ते के आखिरी कोराबारी दिन 28 मार्च को 1,0,2040 के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी।

- 2 अप्रैल को यह 99,753 रुपए पर बंद हुई

जानकारों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ की घोषणा के बाद चांदी की इंडसट्रियल डिमांड को लेकर मार्केट में चिंता बढ़ गई है। टैरिफ को लेकर के ट्रंप इस ऐलान के बाद अमेरिका सहित दुनिया के अन्य देशों में में मंदी की आशंका गहरा गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल लेवल पर अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का मुकाबला करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 60 देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की। हालांकि सोना और चांदी को इस टैरिफ लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है। घरेलू फ्यूचर्स मार्केट एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट फिलहाल 5,128 रुपए यानी 5.43 फीसदी की नरमी के साथ 89,271 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर है।





# गेहूं का घरेलू उत्पादन 21 लाख टन बढ़कर 1154 लाख टन सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने का अनुमान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने गेहूं का घरेलू उत्पादन 2023-24 सीजन के 1133 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर से करीब 21 लाख टन बढ़कर 2024-25 के वर्तमान रबी सीजन में 1154 लाख टन के सर्वकालीन सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने का अनुमान लगाया है। इस अनुमान से प्रतीत होता है कि चालू वर्ष के दौरान घरेलू प्रभाग में गेहूं की आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति अत्यन्त सुगम बनी रहेगी और इसकी कीमतों पर नियंत्रण रहेगा, लेकिन पिछला अनुभव इसकी गवाही नहीं देता है।

गौरतलब है कि सरकार ने 2023-24 के सीजन में 1132.90 लाख टन गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन आंका था, लेकिन फिर भी मंडियों में इसकी आवक कम हुई और कीमत ऊंची बनी रही। गेहूं एवं इसके मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्यात पर लम्बे समय से प्रतिबंध लगा हुआ है। सरकार ने इस पर भंडारण सीमा भी लगा दिया था लेकिन फिर भी न तो आपूर्ति बढ़ी और न ही कीमत घटी। हालत यह हो गई कि दिसम्बर 2024 से फरवरी 2025 के दौरान सरकार को अपने स्टॉक से 30 लाख टन गेहूं को मिलर्स- प्रोसेसर्स के हाथों बेचने के लिए विवश होना पड़ा। यदि 1133 लाख टन गेहूं का उत्पादन हुआ होता तो इन अतिरिक्त उपायों की जरूरत ही नहीं पड़ती। अब एक बार फिर सरकार ने 1154 लाख टन से अधिक गेहूं के रिकॉर्ड घरेलू उत्पादन का अनुमान लगाया है लेकिन उद्योग- व्यापार क्षेत्र को इस पर संदेह है। उसका कहना है कि गेहूं का उत्पादन पिछले साल से कुछ अधिक हो सकता है लेकिन सरकारी अनुमान की तुलना में बहुत कम होगा।



### गेहूं के सरकारी एवं व्यापारिक उत्पादन अनुमान में भारी अंतर

*विभिन्न उद्यमियों एवं व्यापार विश्लेषकों के अनुसार गेहूं का वास्तविक उत्पादन अधिक से अधिक 1100 लाख टन और कम से कम 980 लाख टन हो सकता है। इस तरह गेहूं के सरकारी एवं व्यापारिक उत्पादन अनुमान में भारी अंतर रहने से बाजार में दुविधा की स्थिति बनी हुई है। सरकार अधिक से अधिक गेहूं खरीद कर बफर स्टॉक को ऊंचा बनाना चाहती है ताकि अभाव के दिनों में वह प्रभावी ढंग से बाजार में हस्तक्षेप करने में सफल हो सके। गेहूं की खरीद का लक्ष्य 313 लाख टन नियत किया गया है जो पिछले साल की कुल वास्तविक खरीद 266 लाख टन से 47 लाख टन ज्यादा है। सरकार के पास करीब 124 लाख टन का पिछला स्टॉक भी मौजूद है जिससे केन्द्रीय पूल में गेहूं की अच्छी उपलब्धता हो सकती है।*

चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ वार का अमेरिका पर अधिक असर

करीब साठ देशों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को लेकर भारत की स्थिति मिश्रित है। प्रभावित होने वाले कुछ उद्योग-व्यापार रास्ता तलाशने में जुट गए हैं, लाभ मिलने की संभावना वाले ट्रेड के लोग भी नफा-नुकसान का आकलन कर रहे हैं। सरकार अपने स्तर पर अमेरिका से बातचीत कर रही है और विकल्प भी तलाश रही है। कुछेक अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अमेरिकी जवाबी शुल्क से भारत में महंगाई बढ़ने, रोजगार जाने का जोखिम नहीं है, वहीं कुछेक ट्रंप के टैरिफ वार का भारत के अमेरिकी निर्यात पर असर पड़ने की संभावना जता रहे हैं। वर्तमान में भारत व अमेरिका के बीच व्यापार की स्थिति देखें तो अमेरिका भारत को कम निर्यात करता है, जबकि आयात अधिक करता है। जैसे को तैसा टैक्स की बात करें तो अधिकांश वस्तुएं जो अमेरिका भारत से लेता है, उनमें कोई वो भारत को निर्यात नहीं करता है। इसलिए अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ का भारत के अमेरिकी निर्यात पर बहुत फर्क नहीं पड़ेगा। अगर अमेरिका लंपसंप भारत से आयात पर 26 फीसदी शुल्क लगाता है, तो निश्चित ही ऐसी वस्तुओं की लागत बढ़ेगी। इससे भारतीय निर्यात प्रभावित होगा। कितना प्रभावित होगा, यह टैरिफ के अमल में आने के बाद ही पता चलेगा। टैरिफ वार का अमेरिका पर तत्काल असर पड़ेगा और वहां महंगाई बढ़ सकती है और अमेरिका निर्यात में 20 फीसदी तक की कमी आ सकती है। अमेरिका के एमएफएन (तरजीही राष्ट्र) दर्जा वाले देशों पर अमेरिका के जवाबी शुल्क का अधिक असर पड़ेगा। ट्रंप सरकार के टैरिफ वार के चलते अमेरिकी अर्थव्यवस्था दहशत में है, यूएस के स्टॉक मार्केट घबराए हुए हैं, अमेरिकी कंपनियां जो दूसरे मुल्कों में निर्माण करती हैं और अनेक देशों में ट्रेड करती हैं, वे भी चिंतित हैं। बेशक ट्रंप आत्मविश्वास से भरे हों कि ट्रैरिफ वार से अमेरिकी खजाना भर जाएगा, लेकिन अमेरिकी बाजार व उद्योग इस आत्मविश्वास से कतई मुतमईन नहीं हैं। दुनिया के मुल्क जब वैकल्पिक ट्रेड उपायों की ओर बढ़ेंगे, तो अमेरिका खुदबखुद हाशिये की ओर धकेला जाता रहेगा। अभी डॉलर से ग्लोबल ट्रेड हो रहा है, ऐसे में अमेरिकी व्यापार घाटा लाजिमी है। पर जब अमेरिकी शुल्क के चलते डॉलर में विश्वास कम होगा, तब अमेरिका का ट्रेड प्रभाव कम होगा व अमेरिका मंदी के भंवर में फंस सकता है। भारत के पास अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर है। इसका कारण बांग्लादेश, श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत पर लगाये गये शुल्क का कम होना है। प्रतिष्ठित शोध संस्थान आरआईएस (विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली) के मुताबिक, 'वैश्विक और भारतीय दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर इसके पूर्ण प्रभाव का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि ये व्यापार उपाय अभी विकसित हो रहे हैं। भारत का अमेरिका को कुल निर्यात 75.9 अरब डॉलर का है। इसमें से फार्मास्युटिकल (आठ अरब डॉलर), कपड़ा (9.3 अरब डॉलर) और इलेक्ट्रॉनिक्स (10 अरब डॉलर) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्थिर मांग बनी रहेगी। दवा शुल्क से बाहर है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। भारत बीटीए (द्विपक्षीय ट्रेड समझौते) का बढ़ावा दे रहा है, यूरोप व एशिया पर फोकस कर रहा है, निर्यात की नई संभावनाओं की ओर बढ़ रहा है। अब भारत के लिए नए व्यापार एग्रीमेंट के उदय का दौर है। ट्रंप टैरिफ के झटके भारत को कम लगेंगे।



विश्व स्वास्थ्य दिवस
डा.ए.के.अरुण

आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी देश में जनस्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं अभियानों के बाद भी हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके हैं। महज आंकड़ों की बाजीगरी और झूठे प्रचार से जन स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनायी थी जिसके अंतर्गत विभिन्न रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारी सरकारें क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक जनहित में कार्य करेंगी।

# आशापूर्ण भविष्य के लिए स्वस्थ शुरुआत

आम लोगों का स्वास्थ्य भारत में कभी भी राजनीति का मुख्य एजेंडा रहा ही नहीं,जबकि आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में स्वास्थ्य एक बेहद ज़रूरी विषय के रूप में खड़ा हो गया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 का थीम या लक्ष्य की यदि हम बात करें तो इस वर्ष यह मिलेनियम स्वास्थ्य लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से "आशापूर्ण भविष्य के लिए स्वस्थ शुरुआत" पर ज़ोर दे रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपने 2025 के लक्ष्य की घोषणा करते हुए कहा है कि प्रत्येक स्वास्थ्य संगठन और समुदाय यह सुनिश्चित करें कि माँ और नवजात शिशु का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे तथा इनकी असमय मृत्यु को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2024 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपना लक्ष्य "मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार" रखा था। यह अलग बात है कि दुनिया भर की सरकारों ने स्वास्थ्य के नागरिक अधिकारों पर स्पष्ट रूप से कुछ भी ठोस नहीं किया।

भारत में एकमात्र राज्य राजस्थान की पूर्व कांग्रेस की सरकार ने नागरिकों के स्वास्थ्य को उनके मौलिक अधिकार के रूप में क़ानून बनाकर लागू कर दिया। उम्मीद की जा रही है कि लगभग सभी राज्य सरकारें अपने प्रदेश में नागरिकों के स्वास्थ्य को उनके मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार करेंगे। "स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य" के विभिन्न पहलुओं पर यदि ध्यान दें तो निश्चित ही नवजात शिशु एवं माताओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड एवं गांवों में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचों को और मज़बूत करना होगा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों जैसे आशा कार्यकर्ता,आंगनबाड़ी सेविका एवं प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सक्रिय बनाना होगा। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को और जवाबदेह बनाना होगा। सभी सरकारों को अपना स्वास्थ्य बजट सम्मानजनक तरीके से जीडीपी के अनुसार बढ़ाना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि समुचित पोषण और दवा के अभाव में कोई भी शिशु या गर्भवती माँ अथवा व्यक्ति की असमय मृत्यु न हो। स्वास्थ्य और उपचार की सर्वसुलभता सुनिश्चित करनी होगी। सरकार और समुदाय को मिलकर काम करना होगा। स्वास्थ्य को राजनीति से ऊपर उठकर अति महत्वपूर्ण कार्य का दर्जा देना होगा। आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी देश में जनस्वास्थ्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं अभियानों के बाद भी हम अपेक्षित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके हैं। महज़ आंकड़ों की बाजीगरी और झूठे प्रचार से जन स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। भारत सरकार ने एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनायी थी जिसके अंतर्गत विभिन्न रोगों से बचाव एवं उपचार के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन लंबे समय से किया जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन" का संचालन भी किया जा रहा है, इन सबके बावजूद भी जनस्वास्थ्य को हम सही दिशा नहीं दे पा रहे हैं। इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि महिलाओं में प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं तथा नवजात शिशुओं और बच्चों की रुग्णता व मृत्यु दर को कम करने में अपेक्षित सफलता



नहीं मिल पायी है। भारत में नीतिगत कमियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कई चिंताएं हैं। उदाहरण के लिए अस्पतालों में सेकेंडरी स्तर की देखभाल समुचित और पर्याप्त नहीं है। इसकी वजह से मजबूरन अधिकांश लोग महंगे निजी अस्पतालों की ओर जाना स्वीकार कर चुके हैं। भारत में चिकित्सा के क्षेत्र में निजी अस्पतालों की भारी उपस्थिति है। उदाहरण के लिए भारत में कुल अस्पतालों में से लगभग 58 फीसदी निजी क्षेत्रों द्वारा चलाए जाते हैं, जो सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की सेवा के उद्देश्य के बजाय निजी उद्देश्य से चलते हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारत में नीति निर्माताओं ने टार्सियरी या उपचारात्मक देखभाल पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है जिसके कारण प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थान और इकाइयां, जिन पर कभी भारत के अधिकांश लोगों को निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भरोसा था, कमजोर हो गई हैं और लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। भारत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसे स्वास्थ्य संस्थानों का नाम बदलने का एक नया चिंताजनक चलन सामने आया है, जिसने भारत जैसे बहुलवादी देश में सांस्कृतिक और धर्मनिरपेक्ष प्रासंगिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वर्ष 2025 के स्वास्थ्य लक्ष्य की घोषणा करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की दृष्टि महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर ही गई, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन चाहता है कि दुनियाभर में नवजात शिशुओं और माताओं का स्वास्थ्य बेहतर हो ताकि भविष्य की आबादी में स्वस्थ लोगों की अच्छी संख्या हो। हम जानते हैं कि दुनियाभर में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति समाज और सरकार सदैव दोयम दर्जे की दृष्टि रखते हैं। हालांकि पश्चिमी देशों में महिलाओं की स्थिति काफ़ी बेहतर है लेकिन भारत एवं एशियाई देशों में महिलाओं को स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए पुरुषों की अपेक्षा ज़्यादा जद्दोजहद करनी पड़ती है। सार्वजनिक रूप से अप्रकाशित सर्वेक्षण रिपोर्टों के अनुसार प्रत्येक एक लाख जीवित शिशु के जन्म पर लगभग 540 माताओं की मृत्यु हो जाती है। भारत के बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं कुछ पूर्वोत्तर प्रदेशों में मातृ-शिशु मृत्यु दर इससे भी ज़्यादा है। भारत में औरतों की नाजुक सेहत की वजह जानने के लिए उनकी ज़िंदगी पर जन्म के बाद से ही नज़र दौड़ानी होगी। फ्रेंच लेखिका शिमोन द बौवार कहती हैं कि "औरत की सेहत इसलिए ख़राब है क्योंकि वह स्त्री है"। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्ष 2025 के स्वास्थ्य लक्ष्य की पृष्ठभूमि में हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि आधुनिकीकरण एवं अन्य कई कारणों से भी कई पुराने रोग पुनः नए रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। अनेक प्रयासों के बावजूद हम वर्षों पुराना मच्छरजनित रोग मलेरिया,डेंगू आदि से उबर नहीं पाए हैं। तथाकथित आधुनिक जीवनशैली के कई रोग जैसे डायबीटीज़ ,हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, एड्स आदि बढ़ते ही जा रहे हैं। मानसिक रोगों की भी यही स्थिति है। बहुत ही कम उम्र के युवा और नौजवान अवसाद और अनिद्रा,तनाव आदि के शिकार हैं। युवाओं में घातक नशे का बढ़ता प्रचलन भी स्वास्थ्य की चुनौती के रूप में खड़ा है। सरकार और समुदाय यदि इस विषय पर ध्यान नहीं देगी तो स्थिति भयावह होगी। स्वास्थ्य वैज्ञानिकों और योजनाकारों को यह भी विचार करना होगा कि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य की बात तब तक मुकम्मल नहीं हो सकती जब तक होम्योपैथी और आयुष चिकित्सा पद्धतियों को उपचार की मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाता। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि मानव स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर हमारी सरकारें क्षुद्र राजनीति से ऊपर उठकर व्यापक जनहित में कार्य करेंगी ताकि विश्व स्वास्थ्य के निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

(लेखक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त चिकित्सक एवं जनस्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
अर्चना कुमारी




# स्वास्थ्य सेवाओं की चिंताजनक स्थिति

किसी भी देश की तरक्की तभी संभव है जब उसके नागरिक सेहतमंद हों। जनता स्वस्थ हो, इसके लिए देश में चिकित्सा सुविधाएं दुरुस्त होनी चाहिए, लेकिन भारत में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति निराशाजनक है। भारत पर अपनी 141 करोड़ आबादी की सेहत का ख्याल रखने की बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार इसके लिए हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये का बजट पेश करती है, मगर आज भी देश की स्वास्थ्य सेवाएं सवालों के घेरे में हैं। अपने देश में अनेक बीमारियां मौजूद हैं जो गरीबी,अशिक्षा, जानकारी की कमी, साफ सफाई, स्वच्छता एवं सेहत के प्रति उदासीनता की वजह से फैलती हैं। भारत के अनेक अस्पताल और डॉक्टर गुणवत्तायुक्त इलाज मुहैया कराने के लिए विदेशों में भी प्रसिद्धि हासिल कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भारत में अब भी स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। यही वजह है कि आज स्वस्थ भारत का निर्माण चुनौती बन गई है। बहरहाल, सरकार के सामने देश की विशाल व विविधता भरी जनसंख्या को सस्ता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। स्वास्थ्य पर व्यक्तिगत खर्च बढ़ता जा रहा है और बुनियादी ढांचों की कमी बहुत ज्यादा है। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में असमानता तो है ही, इस क्षेत्र में कर्मियों की संख्या अपर्याप्त है और उनका सही तरीके से उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। कम वेतन, अपर्याप्त प्रोत्साहन, करियर में बढ़ोतरी का अभाव, अपर्याप्त प्रशिक्षण एवं असंगत नीतियों के चलते अधिकतर चिकित्सा सेवाकर्मी सरकारी स्वास्थ्य क्षेत्र में नहीं आना चाहते। हमारे यहां विविध तरह के डॉक्टर हैं, पर नियामक तंत्र पुराने ढर्रे पर चल रहा है, जिससे सार्वजनिक-निजी सहयोग बहुत कमजोर स्थिति में है। वहीं जीडीपी का लगभग 2.5 फीसदी हिस्सा हेल्थकेयर पर खर्च किया जा रहा है। यह दुनिया के अधिकतर विकसित देशों के मुकाबले में काफी कम है। सवाल यह है कि स्वास्थ्य अभी भी राजनीतिक प्राथमिकता क्यों नहीं है? एक रिपोर्ट के मुताबिक अस्पतालों के भारी भरकम बिल भरने की वजह से भारत में हर साल करीब छह करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। ऐसे लोग इलाज के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका प्रमुख कारण भारत के लोगों की सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं होना है। जबकि किसी भी देश का विकास योग्य और स्वस्थ मानव संसाधन पर निर्भर करता है। भारत जैसी बड़ी आबादी वाले देश में बिना अधिक पैसे खर्च किए आपको अच्छी स्वाथ्य सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। जाहिर है, आबादी लगातार बढ़ने के बावजूद आधारभूत ढांचे में सुधार पर अब तक कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। यह विडंबना तब है जब भारत में इन समस्याओं से निपटने के लिए सभी जरूरी कार्यक्रम और नीतियां मौजूद हैं, लेकिन इन्हें सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। हालांकि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की घोषणा और क्रियान्वयन से यह आस जगी थी कि अस्वस्थ भारत की तस्वीर बदल जाएगी परंतु ऐसा नहीं हुआ। दूसरे विकासशील देशों की बराबरी के लिए हमें काफी कुछ करना होगा, जहां औसत खर्च लगभग चार से पांच फीसदी है। जबकि स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च का वैश्विक स्तर छह फीसदी माना गया है। जाने-माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर अमर्त्य सेन भी लगातार जोर देते रहे हैं कि भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किसी एकीकृत एक्शन प्लान की सख्त आवश्यकता है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रगति के साथ-साथ सामाजिक प्रगति भी उतनी ही आवश्यक है। यदि हम चीन और भारत के आर्थिक विकास की तुलना करें, तो चीन के आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण उसका स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करना रहा है। भारत को भी अपने नागरिकों को विश्व की स्पर्धा में आगे लाने के लिए उन्हें स्वास्थ्य-उपहार देना होगा। ऐसे में सरकार को ध्यान देने वाली बात यह होगी कि नीतियां सिर्फ इरादे का वक्तव्य होती हैं। असली चुनौती उनके अमल में आती है। इसके लिए एक बड़ी नींव रखने की आवश्यकता है क्योंकि चीन को भी अपनी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में एक दशक से ज्यादा का समय लग गया था। साथ ही, केंद्र और राज्य सरकारें अपना स्वास्थ्य बजट बढ़ाएं। बहरहाल, दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बनने जा रहे भारत में हेल्थ सेक्टर की बुनियाद बहुत कमजोर है। इसलिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की जरूरत है, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। सरकार को एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी आसान पहुंच हो और कम खर्च में इलाज हो सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित
दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्ती का एक मौन संदेश हुआ करता है और वह है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं। आज हम जो भी है, जैसा भी अनुभव कर रहे हैं, यह हमारे अतीत के कर्म का परिणाम ही है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहा- महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा है- आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाई- महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहा- ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोला- हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहा- तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहा- मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहा- क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## सटाका...




## आज की पाती

### कंजक पूजा से पहले उनका सम्मान करना सीखें

हमारा देश देवभूमि है। यहां लगभग प्रतिदिन परमात्मा के साथ जुड़ने के लिए कोई न कोई पर्व और त्योहार मनाए जाते हैं। हमारे देश में नवरात्र का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नवरात्र में जगत जननी से मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए लोग व्रत रखते हैं और भक्ति करते हैं। माता दुर्गा के हमारे देश में बहुत से मंदिर भी हैं। नवरात्र में उन मंदिरों में काफी श्रद्धालु जाते हैं। नवरात्र हमें सादगी, ईमानदारी, परोपकार और सत्मार्ग पर चलने की शिक्षा देते हैं। नवरात्र में लोग अष्टमी और नवमी को कंजक पूजा करते हैं। अपनी श्रद्धा अनुसार छोटी-छोटी लड़कियों की पूजा करके मां दुर्गा को प्रसन्न करने की भावना रखते हैं। लेकिन हमें कन्या पूजा करने के साथ लड़कियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता को भी त्यागना चाहिए। *- रेखा ठाकुर, भिलाई*

## ट्रेंड


### श्रीराम की कृपा बनी रहे



आज रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए। ईश्वरीय संयोग से उसी समय मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के दर्शन का भी सौभाग्य मिला। मेरी प्रार्थना है, हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### स्थापना दिवस



भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, मेरे लिए ये एक परिवार है, एक विचार है, जिसने मुझे जनसेवा का मार्ग दिखाया। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर अपने आवास पर भाजपा का ध्वज फहराकर गर्व की अनुभूति हुई।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली


### मानवीय व्यवहार



मानवीय मूल्यों का रक्षक और मानवीय व्यवहार करने वाला ही शिक्षित होता है, सभ्य होता है और सभ्य ही 'सभ्यता' बनाता है; इसके विपरीत असभ्य उजाड़ता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### नकारात्मक प्रभाव



आपके जीवन में वे नकारात्मक लोग, वे नकारात्मक प्रभाव जिनसे आप नफरत करते हैं, लेकिन बार-बार उन्हीं की ओर लौटते हैं? वे आपके अपने राक्षस हैं जिन्हें आपने मानव रूप दिया है..

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### सुदर्शन ब्रिटेन के सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित

विश्व प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार को शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान, पटनायक ने एक और उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने 'विश्व शांति' के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फुट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई। इस साल पटनायक को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का विजेता घोषित किया जाना इस लिहाज से खास है कि 2025 दिग्गज ब्रिटिश रेत कलाकार फ्रेड डारिंगटन की 100वीं वर्षगांठ हैं। पटनायक ने कहा, 'मैं ब्रिटेन के वेमाउथ में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में 'फ्रेड डारिंगटन' ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'यह सम्मान भगवान गणेश की मेरी 10 फुट की रेत मूर्ति का प्रमाण है, जो विश्व शांति के सार्वभौमिक संदेश का प्रतीक है।' वेमाउथ के मेयर जॉन ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया।



## ऑफ बीट

### हर कोई अपना काम मशीनों को नहीं सौंपना चाहता



स्वचालित उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं को अपने हाथ से कुछ मेहनत करने की आवश्यकता होती है - एक पारंपरिक वैक्यूम क्लीनर के बारे में सोचें जिसे अभी भी अपने हाथ से संचालित करने की आवश्यकता होती है। हालाँकि, स्वायत्त उत्पादों पर मनुष्यों को कोई मेहनत करने की आवश्यकता नहीं होती है। स्वायत्त उत्पादों द्वारा प्रतिस्थापित किए जा रहे मैन्युअल कार्यों के उदाहरणों में फर्श की सफाई (रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर), लॉन की घास काटना (रोबोटिक लॉन घास काटने की मशीन), और ड्राइविंग (स्व-ड्राइविंग कार) शामिल हैं। स्वायत्त उत्पाद उपभोक्ताओं को समय और श्रम की आवश्यकता वाले तमाम कार्यों से पूरी तरह से मुक्त करते हैं। हमारे अध्ययनों में, हम तर्क देते हैं कि शारीरिक श्रम जीवन में अर्थ का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह उस शोध के अनुरूप है जो दर्शाता है कि रोजमर्रा के कार्यों का मूल्य है - सफाई जैसे काम हमें खुश नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे हमारे जीवन में अर्थ जोड़ते हैं क्योंकि किए गए प्रयास भविष्य में फायदेमंद होते हैं। हमारे अध्ययन से पता चलता है कि जो उपभोक्ता जिसे हम शारीरिक श्रम का अर्थ (एमएमएल) कहते हैं, उसे महत्व देते हैं, वे स्वायत्त उत्पादों को अधिक नकारात्मक रूप से देखते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खेल एवं युवा कल्याण के हिमांशु-शीतल बने बेस्ट लिफ्टर



**भोपाल।** शनिवार को टीटी नगर स्टेडियम के वेटलिफ्टिंग ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण के वेटलिफ्टिंग ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी हिमांशु कुशवाहा बेस्ट लिफ्टर बने। हिमांशु ने स्नैच 122 केजी और क्लीन जर्क 145 केजी कुल 267 केजी वजन उठाया। वहीं भोपाल सेंटर की शीतल राजपूत ने स्नैच 68 केजी ओर क्लीन जर्क 91 केजी कुल 159 केजी उठा के बेस्ट लिफ्टर बनी। इस प्रतियोगिता में कुल 52 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर खेल विभाग के विकास खराडकर, प्रदीप, जिला खेल अधिकारी रुबिका दीवान और पर्वतारोही भगवान मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# सीहोर ओपन शतरंज चैंपियनशिप में ग्वालियर के रूपेश कांत रहे प्रथम

## सीहोर के अनन्त जोशी ने द्वितीय और शुभम विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

सीहोर जिला शतरंज संघ द्वारा स्व. रेखा तोमर की स्मृति में आयोजित ओपन शतरंज प्रतियोगिता में ग्वालियर, उज्जैन, नरसिंहगढ़ तथा सीहोर जिले के खिलाड़ियों ने भागीदारी कर शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसपी सीहोर दीपक कुमार शुक्ला ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एडिशनल एसपी सुनीता रावत ने विजेता, उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार का वितरण किए। इस ओपन शतरंज प्रतियोगिता में 54 खिलाड़ियों ने भागीदारी की। इसमें कुल सात राउंड खेले गए, जिसमें प्रत्येक जीत पर 1 अंक और ड्रॉ (बराबरी) पर 0.5 अंक निर्धारित किए गए थे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में से 10 खिलाड़ियों



ने शीर्ष स्थान हासिल किया। ग्वालियर के रूपेश कांत ने सबसे अधिक 6.5 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं सीहोर के अनंत जोशी ने 6 अंकों के साथ दूसरा और सीहोर के ही शुभम विश्वकर्मा, 6 अंक अर्जित कर तीसरे स्थान पर रहे। आदित्य उपाध्याय (सीहोर) और सपन राठौर (नरसिंहगढ़) ने 5.5 अंक लेकर चौथे स्थान पर संयुक्त रूप से अपनी जगह बनाई। वहीं हिमांशु रावत (सीहोर), पुष्पराज सिंह उमठ (कुरावर), सुनील चौरसिया (सीहोर), चिराग मलवीय (रेहटी) और राजवीर यादव (रेहटी) ने 5-5 अंक अर्जित कर शीर्ष 10 में अपना नाम दर्ज कराया। प्रथम स्थान के लिए 7 हजार, द्वितीय स्थान 5 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 3 हजार रुपए की सम्मान निधि, ट्राफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में 7 वर्ष से लेकर 73 वर्ष तक की उम्र के खिलाड़ियों ने भागीदारी की। निजाम खान और महेंद्र शर्मा ने आर्बिटर की भूमिका का निर्वहन किया।

ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में चल रही चार दिनी केमिस्ट प्रीमियर लीग

# जेनेरिक सुपर किंग ने जीता पहला मैच दूसरे में फार्मा टाइगर्स रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी के ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर शनिवार से शुरू हुई चार दिनी केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट (सीपीएल) में राजधानी और आसपास के जिलों के केमिस्ट बेहद ही शानदार परफॉर्म कर रहे हैं और चौके-छक्के जड़ रहे हैं, वहीं मंझे हुए गेंदबाज भी उन्हें न केवल रन बनाने से रोक रहे हैं, बल्कि पैवेलियन की ओर वापसी भी करा रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने बताया कि टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को चार मुकाबले हुए, जिनमें पहला मैच शाम 6 बजे से जेनेरिक सुपर



किंग और लाइफ सेवर 11 के बीच खेला गया। इस मैच में जेनेरिक सुपर किंग ने जीत अर्जित की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच डॉ. एस अली रहे, उन्होंने अपनी टीम के लिए 42 रन ठोके और 1 विकेट लिया। वहीं दूसरा मैच जो शाम 7 बजे से फार्मा टाइगर्स और सर्जिकल कमांडो के बीच खेला गया।इस मैच में फार्मा टाइगर्स ने जीत अर्जित की। वहीं मैच के हीरो अपनी टीम के लिए 86 रन ठोकने वाले रोहित विश्वकर्मा रहे। इसके साथ ही तीसरा मैच रात 9 बजे से शिव साईं ग्रुप और फार्मा वारियर्स के बीच खेला गया, जिसमें शिव साईं ग्रुप ने जीत अर्जित की। मैन ऑफ द मैच हितेश मालिक रहे। उन्होंने 53 रन बनाने के साथ ही 2 खिलाड़ियों की वापसी पैवेलियन की ओर कराई। इसके बाद रात 10.30 पर शुरू हुआ चौथा मैच सीएम सुपर किंग और भोपाल केमिस्ट चैंपियन के बीच खेला गया।

# संजय की सेंचुरी से जीती कॉकटेल इलेवन, आरएनटीयू को 39 रनों से हराया

**भोपाल।** ओल्ड कैंपियन खेल मैदान में आयोजित 13वीं अरविन्द चतुर्वेदी क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को कॉर्पोरेट ग्रुप का कॉकटेल इलेवन और ऑरएनटीयू के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कॉकटेल इलेवन की टीम ने संजय जैन के आतिशी 107 और फरहान खान के 43 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए। ऑरएनटीयू की ओर से राहुल शिंदे ने 4 विकेट लिए, 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑरएनटीयू की टीम ने दीपांशु सिंह के 61 और मनोज सिंह के 45 रनों के बावजूद निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 170 रन बना सकी।

■ 13वीं अरविन्द चतुर्वेदी स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

फुटसाल प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई

# मप्र फुटसाल स्टेट चैंपियनशिप का हजरत निजामुद्दीन क्लब बना विजेता



**भोपाल।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान से 7 मेंगोस फूटसाल एरीना मे 3 दिवसीय राज्य स्तरीय फुटसाल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 8 क्लब ने भाग लिया। भोपाल के हजरत निजामुद्दीन क्लब ने फाइनल मुकाबले में खेल एवं युवक कल्याण विभाग को एक रोचक मुकाबले में 4:3 से हरा-कर चैंपियनशिप अपने नाम की। हजरत निजामुद्दीन क्लब ने अपने लीग मैच मे खेल एवं युवा कल्याण को 6.2 से, सिंगरौली को 5-0 से एवं एम. शूटर मंडीदीप को 6-0 और सेमीफाइनल मे मंडला को 5-1 से हराया हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल मुकाबले काफी संघर्षपूर्ण रहा, खेल एवं युवक कल्याण विभाग की टीम ने भी अपनी पिछली हार का बदला लेने का प्रयास किया, लेकिन हजरत निजामुद्दीन की सभी टीम ने अंतत 4-3 से मुकाबला अपने नाम किया।

### जून में गोवा में होगी राष्ट्रीय प्रतियोगिता

फाइनल से पहले हजरत निजामुद्दीन हजरत निजामुद्दीन क्लब से ऋषभ , तरुण, अर्जुन, लक्ष्य, प्रदुल ने गोल किए। हजरत निजामुद्दीन क्लब स्टेट चैंपियन बनने के बाद जुन माह मे गोवा मे आयोजित होने वाली नेशनल फुटसाल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। क्लब की जीत पर हजरत निजामुद्दीन क्लब के सीईओ मोहम्मद शाहिद, प्रेसिडेंट तनवीर दाद एवं कोच फैसल हुसैन ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अरेरा क्रिकेट अकादमी को हराकर वीएस अकादमी ने किया फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में गौतम नगर के मैदान पर आयोजित तृतीय विधायक कप का पहला सेमीफाइनल विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर पूरे 40 ओवर खेलते हुए



232 रन बनाए, जिसमें शौर्य राजपूत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए। क्षितिज उपासे ने भी अर्ध शतक जड़ते 51 रन बनाए। मेधाश यूके ने 37 और कृष्णांश ने 32 रन बनाए। वहीं अरेरा के युवराज ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरेरा क्रिकेट अकादमी 157 रन ही बना पाई। वीएस अकादमी के अभिनव चांगरानी और शौर्य राजपूत की शानदार गेंदबाजी ने यह मैच एक तरफा कर दिया, जिसमें अभिनव चांगरानी ने 4 और शौर्य राजपूत ने 3 विकेट लिए। वहीं उनका साथ देते हुए कबीर और गामिनी यूके ने 1-1 विकेट लिया।

# जूनियर जिला स्तरीय कुश्ती चयन स्पर्धा में 12 पहलवान चयनित

## विजेता इंदौर में होने वाली जूनियर राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रविवार को भोपाल ज़िले के 20 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं की ज़िला स्तरीय चयन स्पर्धा भोपाल ज़िला कुश्ती संघ के अध्यक्ष कमर साक़िब एवं अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल के सचिव नफीस़ क़ुरेशी के मार्गदर्शन में विश्वामित्र अवार्डी शाकिर नूर, विक्रम अवार्डी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच फातिमा बानो, लालू उस्ताद, राष्ट्रीय रेफ़री अब्दुल उमेर, शिवानंद बाथम,




मोहम्मद कलीम जीवन सिंह यादव आदि की देखरेख में संपन्न हुई। जिस के विजेता पहलवान केशवानंद गौहर,



पुष्पराज, कुनाल बाथम, अंकित वर्मा, रोहित, पुलसते गोस्वामी, शिवा सलमान, अंकुश, अंकिता, सत्यया, जैऩब फातिमा, शिवानी आदि 11 से 12 अप्रैल को इंदौर के छोटा नेहरू स्टेडियम इंदौर में में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। गौरतलब है कि आगामी- 19 से 22 अप्रैल तक कोटा (राजस्थान) में अंडर-20 जूनियर बालक=एफएस, जीआर एवं बालिका प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

## भोपाल

### खबर संक्षेप

#### राष्ट्रीय स्वदेशी मेला आज से होगा शुरू

**भोपाल।** अखिल भारतीय स्वदेशी संघ द्वारा 7 दिवसीय राष्ट्रीय स्वदेशी मेला दशहरा मैदान, बिट्टन मार्केट में 7 अप्रैल से प्रारंभ होगा। मेला दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रीय स्वदेशी मेला महोत्सव का आयोजन प्रदेश में वोकल फॉर लोकल एवं आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रव्यापी अभियान के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। मेले में स्वदेशी उत्पाद के 200 स्टॉल भी लगाए जा रहे है। मेले में ऐसी भी अनेक महिलाएं अपने स्टॉल लगा रही हैं, जिनको मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्व-सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक लाभ दिया जा रहा है। मेले में जनसंपर्क, पुरातत्व, पर्यटन, संस्कृति, संपूर्ण प्राकृतिक खेती एवं सरकारी योजनाओं, भारतीय सनातन ऋषी मुनी एवं देशी गोमाता के ज्ञान-विज्ञान इत्यादि पर आधारित अलग-अलग प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। मेले में प्रतिदिन आमजन के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी किए जाएंगे। जिसमें युवाओं के लिए विशेष बैंड, कठपुतली, घूमर नाट्य कला की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

#### आज मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य जागरुकता के होंगे कार्यक्रम

**भोपाल।** राजधानी के सरकारी अस्पतालों में सोमवार सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

#### आरएनटीयू का तृतीय दीक्षांत समारोह आज

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन 7 अप्रैल, सोमवार, दोपहर 12 बजे से अंतरराष्ट्रीय कुशाभाऊ ठाकरे सभागार (मिंटो हॉल) में किया जा रहा है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और मंत्री उदय प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और दीक्षांत उपाधियां प्रदान करेंगे।



पालक महासंघ मप्र ने हिंदी भवन में आयोजित किया बुक एक्सचेंज मेला

# बुक एक्सचेंज मेले में 4 हजार से अधिक किताबों का हुआ आदान-प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी स्थित हिंदी भवन में रविवार को पालक महासंघ मप्र की जिला ईकाई भोपाल द्वारा बुक एक्सचेंज मेला का आयोजन किया गया। बुक एक्सचेंज मेला का शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, दीपक जोशी (संरक्षक) द्वारा किया गया।

इस मेले में अलग-अलग 25 स्कूलों के लिए टेबिल व्यवस्था दी गई, ताकि अभिभावक को कई परेशानी न हो। इस दौरान 600 से अधिक अभिभावकों ने रजिस्ट्रेशन कराकर करीब 4000 किताबों का आदान-प्रादान किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. अहिरवार, महेश अग्रवाल ( संरक्षक), कमल विश्वकर्मा प्रदेश



अध्यक्ष, प्रबोध पंड्या प्रदेश महासचिव, प्रमोद प्रियदर्शनी प्रदेश उपाध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रदेश महासचिव प्रबोध पंडया ने बताया कि पालक महासंघ बुक बैंक वॉट्सएप ग्रुप के माध्यम से पिछले 45 दिनों से लगातार औसतन 150 किताबें एक्सचेंज की जाती है। आज तक इस ग्रुप के माध्यम से निःशुल्क 5000से अधिक किताबों का एक्सचेंज किया जा चुका है।

# गिरिजाघरों में ईस्टर पर्व मनाने की तैयारियां शुरू हुईं, होंगी प्रार्थनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भोपाल कैथोलिक महाधर्मप्रांत के विभिन्न गिरजाघरों में पवित्र सप्ताह और ईस्टर के उपलक्ष्य में लेंट (चालीसा काल) के दौरान कई विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों का मूल उद्देश्य विश्वासियों को प्रार्थना, चिंतन और धार्मिक संस्कारों के माध्यम से मसीह के प्रति गहन आध्यात्मिक संबंध स्थापित करने में सहायता करना और उनके विश्वास को नवीनीकृत करना रहा। इस चालीस दिवसीय काल में मसीही समुदाय उपवास और प्रार्थना को महत्व देता है।



इसे देखते हुए शहर के सभी गिरिजाघरों में ईस्टर पर्व की तैयारियां पूरी हो गई हैं।

## निटर के फाउंडेशन-डे पर आज मुख्य अतिथि होंगे कैलाश सत्यार्थी

**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर अपनी स्थापना का 61वां वर्ष मना रहा है। 7 अप्रैल को मनाए जा रहे स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी होंगे। निटर के डायरेक्टर प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि संस्थान 61 वर्षों की यात्रा को पूरी कर चुका है। हम स्थापना दिवस के अवसर पर कैलाश सत्यार्थी को अपने बीच पाकर गौरव की अनुभूति करेंगे।

ब्रह्माकुमरीज सेवा केंद्र में हुई कार्यशाला

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों आप स्वयं अपने डॉक्टर बनें: डॉ. दाते

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शहर के नीलबड़ ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को मातृ और शिशु स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें हमीदिया अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉ. संजीव जयंत बताया कि माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरुकता फैलाना है। इसमें मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के बीच के संबंध को उजागर किया। यह दिखाया गया कि आज के समय में स्वास्थ्य समस्याएं सिर्फ शारीरिक बीमारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानसिक तनाव और भावनात्मक असंतुलन भी इन समस्याओं को बढ़ाते हैं। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति दाते ने कहा कैसे स्वस्थ जीवनशैली, उचित पोषण और नियमित जांच से जटिलताओं को रोका जा सकता है। उन्होंने न केवल मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर अपने स्वास्थ्य संबंधी विशेषज्ञ ज्ञान को साझा किया।

सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा

# फुले फिल्म को समर्थन देने शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भोपाल में सामाजिक चेतना और सार्थक सिनेमा के समर्थन में आयोजित फिल्म फुले के पक्ष में शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला गया। प्रांतीय कुशवाहा समाज मप्र और बहुजन इंटेलेक्ट द्वारा चलाए जा रहे सिनेमा जागरूकता अभियान के तहत यह मार्च आंबेडकर चौक बोर्ड आफिस चौराहे से शुरू होकर ज्योतिबा फुले चौक, सात नंबर बस स्टाप पहुंचा, जहां पैदल मार्च का समापन किया गया। इसमें सैकड़ों



की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, शिक्षाविद और जनसामान्य इस मार्च में शामिल हुए।

मध्यावर्त लिटरेचर फेस्टिवल की महफ़िल में मची साहित्यिक और सांस्कृतिक धूम

# दिल को छू लेने वाली गायकी और बेहतरीन शायरी से सजी महफ़िल

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप में मध्यावर्त लिटरेचर फेस्टिवल का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें देश भर से सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपने फ़न का जादू बिखेरा। शब्द, संगीत और नृत्य की इस मोहक शाम ने कला-प्रेमियों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ देश-विदेश में कथक के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक धरोहर का परचम लहराने वाली प्रख्यात नृत्यांगना डॉ. श्यामा पंडित के मनमोहक कथक नृत्य से हुआ। 'ठुमक चलत रामचंद्र' पर अपनी प्रस्तुति देकर श्यामा ने श्री राम की स्तुति की।



### राम की शक्ति पूजा पर शॉर्ट फिल्म

इसके उपरांत, उस्ताद सलीम अल्लाहवाले और उनकी टीम ने की दिल को छू लेने वाली गायकी ने महफ़िल में सुरों की मिठास घोल दी। आप ने न सिर्फ ग़ज़लें प्रस्तुत की बल्कि मानस की चौपाइयां गाकर गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल क़ायम की। फिर, कवि निराला की कालजयी रचना 'राम की शक्ति पूजा' पर आधारित मध्यावर्त द्वारा निर्मित शॉर्ट फ़िल्म की विशेष स्क्रीनिंग हुई, जिसे दर्शकों ने अपार सराहना दी।

### *हम सोने के हिरण नहीं हैं हम पर तीर ना ताना जाए*

ग्रैंड मुशायरे में साहित्य का रंग और निखर के आया, जब देश के कोने-कोने से आए रचनाकारों ने अपने जज्बात और ख़यालात शायरी के ज़रिए पेश किए: मेरठ से आए अजहर इक़बाल ने कहा पाप पर अब पश्चाताप कौन करे, सम्भल से आए अमीर इमाम ने पढ़ा मत बताना कि बिखर जाएं तो क्या होता है, नई नस्लों को नए ख़्वाब सजाने देना, लखीमपुर के चर्चित गीतकार ज्ञान प्रकाश आकुल ने सुनाया हम सोने के हिरण नहीं हैं, हम पर तीर ना ताना जाए, दिल्ली से आए पल्लव मिश्रा ने मैं उससे मिलने समय से पहले पहुँच गया था।






# धार्मिक अनुष्ठान, कन्यापूजन और विभिन्न सांस्कृत आयोजनों के साथ रामनवमी पर देशभर में भगवान श्रीराम का किया गया पूजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भगवान प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव(रामनवमी) पर देशभर में धार्मिक अनुष्ठान, कन्यापूजन और विभिन्न सांस्कृत आयोजनों के साथ रामनवमी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर प्रभू श्रीराम का पूजन किया गया। इस मौके पर अयोध्या में श्री राम मंदिर को सजाया गया और शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें हजारों रामभक्त शामिल हुए। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम का पूजन किया और कन्याओं के पैर धोकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में सामुहिक रामायण का पाठ किया गया। हवन पूजन के बाद भक्तों को प्रसादी वितरित की गई।



**सीएम योगी ने कन्या पूजन किया और उनके चरण धोए**



न्यूटाउन में शोभायात्रा रोकने का आरोप

## बंगाल में कड़ी सुरक्षा के बीच रामनवमी पर बवाल

**कोलकाता।** बंगाल में रविवार सुबह रामनवमी का पर्व शोभायात्राओं और 'जय श्री राम' के नारों के साथ शुरू हुआ। कुछ जगह बवाल की खबरें है। भाजपा की वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी ने रविवार को दावा किया कि कोलकाता के बाहरी इलाके न्यूटाउन से उनके नेतृत्व में निकाली।रामनवमी शोभायात्रा को पुलिस ने रोक दिया, जिससे मार्ग बदलना पड़ा। केस्टोपुर के निकट शोभायात्रा रोके जाने के बाद चटर्जी बहस करती दिखीं।



**खबर संक्षेप**

### अभिनेत्री जैकलीन की मां का निधन,बीमार थीं

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मां किम फर्नांडीज का निधन हो गया है। उन्हें 24 मार्च को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल और रिसर्च सेंटर में दिल का दौरा पड़ने के बाद भर्ती कराया गया था और कथित तौर पर उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में 13 दिनों तक संघर्ष करने के बाद आज उन्होंने अंतिम सांस ली। जैकलीन की मां के निधन की खबर सामने आने के बाद अभिनेत्री के पिता एलरॉय फर्नांडीज अन्य करीबी रिश्तेदारों के साथ अस्पताल पहुंचे।



### सरकारी मेडिकल कॉलेज में मिली छात्रा की लाश

**कोच्चि।** कलमस्सेरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की एक छात्रा अपने छात्रावास के कमरे में लटकी हुई पाई गई। मृतक अम्बिली तीसरे वर्ष की मेडिकल छात्रा थी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे अंबिली के हॉस्टल के साथी ने उसे छत के पंखे से लटका हुआ देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है और पुलिस ने अप्राकृतिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना के कारण जांच के बाद पता चलेगा।



### लव यू मां, मैं जा रही हूं छात्रा ने लगाईं फांसी

**वडोदरा।** यहां 16 साल की लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले ही लड़की की मां ने उसे दोस्त को रोज-रोज लिफ्ट देने पर डांट लगाई थी। इस घटना के दो दिन बाद ही लड़की ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस दौरान लड़की अपने छोटे भाई के साथ घर पर अकेली थी और मां पड़ोस के घर में किसी काम से गई हुई थी। पुलिस के मुताबिक मां जब घर वापस लौटी तो उन्होंने देखा कि उनकी बेटी फंदे से लटकी हुई है।



रामेश्वरम में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था दोगुनी, ब्रिज में योगदान देने वाले श्रमिक को दिया धन्यवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। इससे रोजगार के नए अवसर निर्मित होंगे।



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में पहुंचे। यहां पर उन्होंने पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया। पीएम ने राम नवमी के अवसर पर रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने राज्य में कई अन्य विकास परियोजनाओं की शुरुआत भी की। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस खास दिन पर मुझे 8300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं को सौंपने का अवसर मिला। ये रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी। मैं इन परियोजनाओं के लिए तमिलनाडु के अपने भाइयों और बहनों को बधाई देता हूं। मैं अपने इंजीनियरों और श्रमिकों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देता हूं। यह पुल भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज है। रामेश्वरम में पीएम मोदी ने कहा कि आज रामनवमी का पावन पर्व है। पंबन ब्रिज से लोगों का जीवन आसान होगा। 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था दोगुनी हुई है। ब्रिज से नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। देश में निर्माण का काम तेजी से जारी है।

**8300** करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

रेल और सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु में कनेक्टिविटी को मिलेगा बढ़ावा



**कड़े परिश्रम को सराहा**

**पीएम ने श्री राम के सूर्य तिलक का जिक्र किया**

समुद्र के ऊपर बना यह रेलवे ब्रिज अतीत और भविष्य को जोड़ता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज राम नवमी का पावन पर्व है, अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे रामनाथस्वामी मंदिर में प्रार्थना करने का मौका मिला। पीएम ने कहा कि हजारों साल पुराने शहर को 21वीं सदी के इंजीनियरिंग चमत्कार से जोड़ा जा रहा है।

### चारों दिशाओं में तेजी से काम हो रहा

प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम में कहा कि आज देश में बहुत तेजी से मेगा प्रोजेक्ट पर काम हो रहा है। आप नोर्थ में देखेंगे तो जम्मू कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज में से एक 'चिनाब ब्रिज' बना है। वेस्ट में जाएंगे तो मुंबई में देश का सबसे लंबा सी ब्रिज 'अटल सेतु' बना है। ईस्ट में जाएंगे तो असम के 'बोगीबील ब्रिज' के दर्शन होंगे। साउथ में आते हैं तो दुनिया के गिने-चुने वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज में से एक 'पंबन ब्रिज' का निर्माण पूरा हुआ है। पीएम मोदी ने आगे कहा, 'विकसित भारत के सफर में तमिलनाडु का बहुत बड़ा रोल है। मैं मानता हूं, तमिलनाडु का सामर्थ्य जितना ज्यादा बढ़ेगा, भारत की ग्रोथ उतनी तेज होगी। बीते दशक में, तमिलनाडु के विकास के लिए 2014 की तुलना में तीन गुना ज्यादा पैसा केंद्र सरकार की ओर से दिया गया है।'

### तमिलनाडु को 3 गुना ज्यादा पैसा दिया फिर भी रोते हैं

उन्होंने कहा कि देश के हर कोने में फ्रेट कॉरिडॉर पर काम किया। सरकार ने तमिलनाडु को 3 गुना ज्यादा पैसा दिया है। तमिलनाडु का विकास हमारी प्राथमिकता है। फिर भी कुछ लोग बिना कारण रोते रहते हैं। यह भारत रत्न डॉ. कलाम की भूमि है। उनके जीवन ने हमें दिखाया कि विज्ञान और अध्यात्म एक दूसरे के पूरक हैं। पिछले 10 वर्षों में हमने रेल, सड़क, एयरपोर्ट, पानी, बंदरगाह, बिजली, गैस पाइपलाइन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट में करीब 6 गुना वृद्धि की है। आज देश भर में बड़े निर्माण प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उत्तर में, जम्मू-कश्मीर में, दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुलों में से एक, चेनाब ब्रिज, बनकर तैयार हो चुका है। पश्चिम में, मुंबई में, भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल, अटल सेतु, बनाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हुए प्रभावित

# बंगाल के शिक्षक काम पर लौटे, बोले- बच्चों की पढ़ाई का क्या होगा?



बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल लौटे शिक्षक भावुक होते देखे गए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित होने वाले लोगों के साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर इसका कितना असर होगा, इसे लेकर भी तमाम सवाल उठ रहे हैं। इस बीच कई शिक्षक और कर्मचारी कक्षाओं में लौट आए हैं। उन्होंने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि स्टूडेंट्स को किसी तरह की परेशानी ना हो। रिपोर्ट के मुताबिक, कई शिक्षकों ने कहा कि अदालत के फैसले के बाद कई स्कूलों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं और इसे देखते हुए ही उन्हें अपने काम पर लौटना पड़ा है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की सरकार फैसले से प्रभावित लोगों को यह भरोसा दिलाने की पूरी कोशिश कर रही है कि वह उनके साथ खड़ी है। ममता बेनर्जी ने कहा है कि वह अदालत का सम्मान करती हैं लेकिन इस फैसले को स्वीकार नहीं करेंगी। एक शिक्षक ने कहा कि हमें उस अपराध की सजा क्यों दी जानी चाहिए जिसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह स्कूल इसलिए आए हैं क्योंकि उनके पास कुछ जिम्मेदारियां हैं और वह इन्हें अनदेखा नहीं कर सकते।एक स्कूल में बायोलॉजी के टीचर ने कहा कि हम अपने स्टूडेंट्स को लेकर चिंतित हैं क्योंकि वे अभी-अभी क्लास 12वीं में गए हैं। जब मुझसे प्रिंसिपल ने अनुरोध किया कि मैं क्लास लेने के लिए आऊं तो मैंने दोबारा इसके बारे में नहीं सोचा।

### स्कूलों के सामने बड़ा संकट

इसी तरह एक हाई स्कूल में लैब असिस्टेंट का काम करने वाले सुभाष चंद्र मंडल ने कहा कि हेड मास्टर ने मुझे बुलाया इसलिए मैं आया हूं लेकिन मैं पिछले दो दिनों से सो नहीं पाया हूं। कई स्कूलों के प्रमुखों ने कहा है कि टीचर्स को वापस बुलाना एक मुश्किल फैसला था। एक स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा कि पार्ट टाइम टीचर्स को नियुक्त किए जाने के मामले में स्कूल मैनेजमेंट के साथ बातचीत की जाएगी।

आगामी विस चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी

# प्रियंका गांधी को मिल सकती है चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी, सीडब्लूसी में बड़े उलटफेर की संभावना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी महाधिवेशन में संगठन को लेकर बडे बदलाव किये जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस एक नया इलेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम बनाने की योजना बना रही है, जिसका नेतृत्व एआईसीसी महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाडा को दिया जा सकता है! इस विभाग का उद्देश्य चुनावी रणनीति को मजबूत करना, स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर तालमेल बनाना, और पार्टी को जमीनी स्तर पर सक्रिय करना होगा। यह कदम कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार करने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। कांग्रेस अधिवेशन पार्टी के लिए संगठनात्मक बदलावों का एक बड़ा मंच होगा। सूत्रों ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की उच्चाधिकार प्राप्त वर्किंग कमेटी, सीडबलूसी में भी व्यापक फेरबदल की संभावना है। निष्क्रिय सदस्यों को हटाया जा सकता है। नए अपेक्षाकृत युवा चेहरों को मौका दिया जा सकता है।



आगामी 8-9 तारीख को दो दिवसीय अधिवेशन में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का जुटान अहमदाबाद में होगा। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर कांग्रेस पार्टी 64 सालों के लंबे अंतराल के बाद गुजरात में इस तरह का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित कर रही है। 8 और 9 को महात्मा गांधी की आइडियोलॉजी पर चलने वाली कांग्रेस पार्टी गांधी की धरती से नए कांग्रेस के गठन का संकल्प लेकर व्यापक विमर्श करेगी।

### नई जिम्मेदारी चर्चा का विषय रहेगी

देशभर से तकरीबन 3 हजार डेलीगेट्स की उपस्थिति में साबरमती नदी के तट पर विशेष रूप से तैयार किये गये पंडाल में अगले दिन 9 तारीख को नेशनल कंवेंशन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।पूरे अधिवेशन में प्रियंका गांधी वाडा के लिए प्रस्तावित नई जिम्मेदारी चर्चा का विषय रहेगी, ऐसी संभावना है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 99 सीटें जीतकर बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन उसके बाद हुए कई राज्य विधानसभा चुनावों (जैसे हरियाणा, दिल्ली आदि) में पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। दिल्ली में तो कांग्रेस लगातार तीसरे चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत सकी। इन हार के बाद पार्टी नेतृत्व को यह एहसास हुआ कि चुनावी रणनीति और प्रबंधन में सुधार की सख्त जरूरत है। प्रियंका गांधी को इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले भी उत्तर प्रदेश में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं।

भाजपा ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

# जेपी नड्डा बोले- राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है पार्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 46वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय स्तर पर मनाया। आज के दिन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय से लेकर प्रदेश कार्यालयों और जिला-ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में पार्टी का झंडा फहराकर कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया।

उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करती है और यही कारण है कि आज वह राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ देश के दर्जनों राज्यों में सत्ता में है। दिल्ली में पार्टी की 98 वर्षीय वरिष्ठ कार्यकर्ता शकुंतला आर्या से जेपी नड्डा ने उनके आवास पर जाकर मुलाक़ात की और उनके निवास पर पार्टी का ध्वज फहराया। नड्डा ने कहा कि ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ता ही पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार रहे हैं। पार्टी आज जो कुछ भी है, वह इन्हीं कार्यकर्ताओं की बदौलत है। उनके साथ इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सहित कई मंत्री और अन्य कार्यकर्ता रहे। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पार्टी देशहित को अपना सर्वोपरि समझती है। इसी का परिणाम है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनी है।



मध्य प्रदेश में 8-10 अप्रैल के बीच हीटवेव चलेगी, पड़ेगी भीषण गर्मी

# सावधान: एक दो दिन में लगभग पूरा भारत होगा हीटवेव की चपेट में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले चार से पांच दिनों तक गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब में हीटवेव चलने वाली है। यानी कि इन राज्यों में रहने वाले लोगों को गर्मी से सावधान रहने की जरूरत है। इसके अलावा, पूर्वोत्तर भारत में 7-10 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी तूफान व बिजली कड़कने का नया दौर आएगा। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माहे, लक्षद्वीप, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और कर्नाटक में आंधी तूफान व बारिश रिकॉर्ड की गई। असम, मेघालय, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम में ओले भी गिरे। वहीं, गुजरात और राजस्थान के कुछ हिस्सों में हीटवेव चली। कई राज्यों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम में 6 अप्रैल, केरल माहे में 6 और 7 अप्रैल, कर्नाटक में छह से आठ अप्रैल, पूर्वोत्तर भारत में 7-10 अप्रैल के बीच बारिश, आंधी तूफान का अलर्ट है। गंगीय पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय में छह अप्रैल, बिहार में नौ अप्रैल को ओले गिरेंगे। वहीं, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, माह में 7 और, असम, मेघालय में नौ और 10 अप्रैल को भारी बरसात होगी।

### दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में होगी बारिश

**नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कल से दस्तक देगा**

पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कल यानी आठ अप्रैल से दस्तक देने जा रहा है। इसकी वजह से जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में 9 और 10 अप्रैल को बारिश होगी। वहीं, 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलने का अनुमान है। वहीं, जम्मू कश्मीर, लद्दाख में 9 अप्रैल को ओले गिरेंगे। इसके अलावा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में छह से सात अप्रैल के बीच बारिश होने वाली है। छह अप्रैल को भी भारी बारिश होगी।





**कहां कब चलेगी हीटवेव**

कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। गुजरात में 7-10 अप्रैल, सौराष्ट्र और कच्छ में इसी दिन हीटवेव चलने वाली है। राजस्थान में 10 अप्रैल को हीटवेव चलने का अलर्ट है। हिमाचल में 7 अप्रैल, हरियाणा, चंडीगढ़ में 7-10 अप्रैल, पंजाब में 7-10 अप्रैल, दिल्ली में 7-10 अप्रैल, उप्र में 7-9 अप्रैल, मप्र में 8-10 अप्रैल के बीच हीटवेव चलेगी।

**उत्तर पश्चिम भारत में बढ़ेगी गर्मी**

गर्मी की बात करें तो उत्तर पश्चिम भारत, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत में अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने जा रही है। मध्य भारत में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने जा रही है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो दो दिन बाद यहां दो से तीन डिग्री की गिरावट आएगी। गुजरात में अगले दो दिनों में तापमान दो डिग्री बढ़ जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने सीएम योगी को लिखा पत्र

# आगरा के शाहजहां गार्डन का नाम बदलने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने आगरा स्थित 'शाहजहां गार्डन' का नाम बदलकर अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की मांग की है। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री ने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। दरअसल शाहजहां गार्डन आगरा जिले में ताजमहल और आगरा किले के बीच बना एक हरा-भरा उद्यान है। बेबी रानी मौर्य ने बताया, "हां, मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है और शाहजहां गार्डन का नाम रानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का मेरा प्रस्ताव जल्द ही मूर्त रूप लेगा। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तीकरण के लिए बहुत कुछ किया था।" नाम बदलने की मांग करने के पीछे की वजह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं आगरा की बेटी हूं और हमेशा महान अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरणा लेती रही हूं, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा दिया। यह मुद्दा मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए मुझे लगता है कि इस उद्यान का नाम बदलने से लोगों, खासकर महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी।




जम्मू में वैष्णो देवी का मंदिर चैत्र नवरात्रि की राम नवमी के अवसर पर रंग-बिरंगी लाईटों से सजाया गया। रात में मंदिर परिसर रोशनी से जगमग दिखाई दे रहा है।

# राम नवमी पर माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, भक्तों ने की पूजा-अर्चना

एजेंसी ▶▶ जम्मू

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के नवमी दिन कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। लाखों श्रद्धालु इस पवित्र अवसर पर पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर परिसर को सजाया गया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन रामनवमी के अवसर पर रविवार को कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। वही श्रीनगर के प्राचीन शंकराचार्य मंदिर में भी भक्तों ने राम नवमी पर पूजा की। इस अवसर पर भगवान शंकर के दर्शन करने के लिए बहुत से लोग मंदिर पहुंचे। एक केरल से आई श्रद्धालु आरती ने कहा मैं बहुत आभारी हूं कि मैं इस दिन यहां आ सकी, क्योंकि यह राम नवमी का पर्व है। हम सभी जानते हैं कि इस दिन की खुशी से शुरुआत होगी। यह एक शांत मंदिर है, जिसमें हम भगवान शिव के साथ हर समय शांतिपूर्वक बिता सकते हैं।



**विशेष सेवाएं प्रदान की गईं**


वैष्णो देवी मंदिर में नवमी के दौरान एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक स्काईवॉक और उन्नत सेवाओं की शुरुआत की है। विकलांग व्यक्तियों के लिए भी विशेष सेवाएं प्रदान की गई हैं, जिससे तीर्थयात्रा का अनुभव सहज और आरामदायक हो सके।

## देश-विदेशों से श्रद्धालु यहां आते हैं

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि के पावन त्योहार के दौरान श्रद्धेय श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत से अब तक करीब एक लाख तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन के लिए आ चुके हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सभी आगंतुकों के लिए एक सहज और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध तीर्थयात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। रियासी जिले के कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित इस मंदिर में नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस पवित्र अवधि के दौरान आशीर्वाद लेने के लिए देश भर से और विदेशों से श्रद्धालु यहां आते हैं।

## खबर संक्षेप

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत



**सियोल।** दक्षिण-पूर्वी दक्षिण कोरिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां रविवार को जंगल में लगी आग बुझाने के दौरान दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें हेलीकॉप्टर के पायलट की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर जंगल की आग बुझाने के लिए उड़ान भर रहा था। स्थानीय अग्निशमन कार्यालय के अनुसार, यह दुर्घटना डेगू शहर की पहाड़ी पर लगी आग को बुझाने के दौरान हुई। बता दें कि यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पिछले महीने दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में अब तक की सबसे भीषण जंगल की आग लगी थी।

### ब्रिटेन में आर्टिस्ट सुदर्शन पुरस्कार से सम्मानित



**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक को इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शनिवार को दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय रेत कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया जब उन्होंने भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची रेत की मूर्ति बनाई, जिस पर विश्व शांति का संदेश था। क्योंकि वर्ष 2025 में प्रसिद्ध ब्रिटिश रेत मूर्तिकार फ्रेड डारिंगटन की शताब्दी मनाई जाएगी।

### उपराज्यपाल ने एक साक्षात्कार में कहा

# पाक की जनता में अविश्वास चरम पर, पीओके को मिलाना केंद्र सरकार का कामः एलजी सिन्हा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीओके को मिलाने का फैसला भारत सरकार पर छोड़ दिया, पाकिस्तान की अंदरूनी स्थिति पर चिंता जताई और जम्मू कश्मीर में शांति, विकास और आतंकवाद पर नियंत्रण की दिशा में विश्वास व्यक्त किया।



उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल अपने चरम पर है। रही बात पीओके कि तो उसे देश में मिलाने का फैसला भारत सरकार को करना है। उपराज्यपाल ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में शुक्रवार को ये बातें कहीं। तबादलों पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की तरफ से प्रतिक्रिया को लेकर कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को सोच समझकर बोलना चाहिए।

उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान की जनता में अविश्वास का माहौल बना हुआ है। दूसरी तरफ यहां पीओके है, वहां पर जनता जब हमको देखती है तो कहती है कि जो हिस्सा मोदी के पास है वहां पर सड़कें हैं, अस्पताल हैं और डाक्टर हैं। जबकि यहां हमारे यहां गेहूं व आटे के लिए लाइन लग रही है। उपराज्यपाल ने कहा कि पाकिस्तान एक विफल राज्य है। पाकिस्तान कई समस्याओं चाहे बलूच का हो या पड़ोस का मसला हो, इससे जूझ रहा है।

**सही समय पर मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा**

पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बयान मे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पूर्व में भी प्रधानमंत्री व गृहमंत्री इसको लेकर स्पष्ट कर चुके हैं कि सही समय आने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। विधानसभा चुनाव के दौरान जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीर आए थे तब भी यही बात उन्होंने कही थी। इसमें किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए। लोगों को इंतजार करना चाहिए।

**जम्मू-कश्मीर में शांति है, इसके लिए किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं**

उन्होंने जम्मू कश्मीर को लेकर कहा कि यहां पर शांति है इसके लिए किसी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। आम आदमी यहां शांति महसूस कर रहा है। जो लोग देश के अन्य भागों से यहां कश्मीर आ रहे हैं, उन्हें मैं ब्रांड एंबेस्डर मानता हूं। इसीलिए कश्मीर में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है।

**अब तो आतंकवादी तंजीमों का कोई कमांडर नहीं बचा**

जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को लेकर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि जब वह सात अगस्त 2019 को यहां आए थे, तब से लेकर अब तक काफी कुछ बदल चुका है। यहां पर शांति,समृद्धि व विकास की बात हो रही है।

**आतंकियों ने परिवार को ढाई घंटे बनाया बंधक, खाना खाया, मोबाइल छीनकर भागे**

*उधमपुर। मजालता के गांव चौड पांजिया के खबल में दो संदिग्धों ने घर में घुसकर परिवार को करीब ढाई घंटे बंधक बनाए रखा। खाना खाने के बाद संदिग्ध परिवार से मोबाइल छीनकर भाग गए। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। परिवार को बंधक बना लिया। खाना खाया और करीब ढाई घंटे बाद रात ढाई बजे मोबाइल लेकर चले गए।*

## जज्बा: रिटायर सैनिकों ने कहा हम भी आतंकियों से लड़ेंगे

**जम्मू।** जिले के सीमावर्ती गांवों के सेना से सेवानिवृत्त अधिकारियों और जवानों ने सरकार से गुहार लगाई है कि यदि उन्हें हथियार मुहैया कराए जाएं तो वे आतंकवादियों से लड़ने के लिए तैयार हैं। सेवानिवृत्त कैप्टन बज सिंह, देवेंद्र सिंह, जगदीश राज और कुलदीप राज ने बताया कि पाकिस्तानी सेना की ओर से देश विरोधी तत्वों को जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए भारत-पाक सीमा से घुसपैठ कराई जा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हमें सूचना मिलती है कि मुठभेड़ में सेना के अधिकारी और जवान शहीद हो रहे हैं, हमारा खून खौल उठता है। सेवानिवृत्त सैनिकों ने बताया कि पहले ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की ओर से लोगों को हथियार दिए जाते थे और फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जाता था। लोग अपने-अपने गांवों की सुरक्षा करते थे। जब आतंकवादी घटनाएं बढ़ने लगीं तो पुलिस ने ग्राम सुरक्षा समितियां बनाई थीं। प्रत्येक गांव में पांच सदस्यों की समिति बनाकर उन्हें पुलिस के साथ रात्रि पहरेदारी का जिम्मा सौंपा गया था। उनके काम को देखते हुए उन्हें मानदेय भी दिया जाता था और समय-समय पर फायरिंग प्रशिक्षण दिया जाता था। सेवानिवृत्त सैनिकों ने मांग की कि केंद्र



सरकार की ओर से बनाए गए ग्रामीण सुरक्षा गार्ड की तर्ज पर उन्हें भी हथियारों के लाइसेंस दिए जाएं ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने बताया कि सेना के जवान पहले से ही प्रशिक्षित होते हैं। जिन लोगों ने हथियार के लाइसेंस रिन्यू करने के लिए दिए हैं, उन्हें रिन्यू किया जा रहा है। अभी नए लाइसेंस नहीं बन रहे हैं।

### द्विपक्षीय संबंधों में दिखी नई मजबूती

# पीएम मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

◆ 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की थी





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब रविवार को श्रीलंका सरकार ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा किया।

यह कदम प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच शनिवार को हुई वार्ता के बाद सामने आया।

**श्रीलंका मित्र विभूषण से सम्मानित:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीलंका की ओर से उच्च नागरिक सम्मान 'श्रीलंका मित्र विभूषण' से भी नवाज़ा गया।

**मछुआरे अक्सर गिरफ्तारी के शिकार होते हैं**

भारतीय मछुआरों, विशेष रूप से तमिलनाडु से संबंधित, को श्रीलंकाई जल सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। 2025 की शुरुआत से अब तक, श्रीलंकाई बलों द्वारा 119 भारतीय मछुआरे और 16 मछली पकड़ने वाली नौकाएं जब्त की गई हैं। इससे तटीय समुदायों में चिंता बढ़ी है और भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जाती रही है।

**विकास परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन**

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया, जिनमें भारत समर्थित रेल परियोजनाएं प्रमुख हैं। इनमें अपग्रेड की गई महो-ओमंथई रेलवे लाइन और महो-अनुराधापुरा सेगमेंट के लिए नया सिग्नलिंग सिस्टम शामिल हैं।

### राष्ट्रपति की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

# ट्रंप और एलन मस्क के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा! 1200 जगहों पर रैलिया निकालीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका में शनिवार को विपक्षी आंदोलन का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन देखने को मिला। अमेरिका में हजारों की संख्या में गुस्साए लोगों की भीड़ ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश के चलाने के तरीके और उनकी नीतियों के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किया। अमेरिका के 50 राज्यों में 1200 से ज्यादा स्थानों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क की अमेरिका के लिए नीतियों के विरोध में तथाकथित 'हैंड्स ऑफ' प्रदर्शन किया गया।




**पर्शिंग स्क्वार से लेकर सिटी हॉल तक निकाली गईं रैलियां**

*वेस्ट कोस्ट पर सिएटल के विख्यात स्पेस नीडल के अंतर्गत हजारों प्रदर्शनकारियों ने फाइट फॉर ऑलिगार्की लिखी तख्तियां ली हुई थी। पोर्टलैंड, ओरेगन और लॉस एंजिलिस में भी हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरकर ट्रंप सरकार के विरोध में नारे लगाए।*

**ट्रंप और मस्क के खिलाफ लोगों ने लगाए नारे**

मिडटाउन मैनहैटेन से लेकर एंकोरेज, अलास्का तक कई राज्य की राजधानियों में हजारों की संख्या में लोगों ने ट्रंप और मस्क के खिलाफ नारे लगाए, रैलिया निकाली।

### टारगेट पूरा नहीं हुआ तो कंपनी ने की घिनौनी हरकत

# जानवरों की तरह जंजीर से कर्मचारियों को बांधा फिर घुटनों के बल चलाया

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

केरल के कोच्चि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें एक प्राइवेट मार्केटिंग फर्म के खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को



अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। टारगेट पूरा न कर पाने पर उन्हें जंजीरों से बंधे कुत्तों की तरह घुटनों के बल चलने को मजबूर किया जा रहा है। यह वीडियो कंपनी के ही एक पूर्व मैनेजर ने अपने फोन में शूट किया था। वहीं, पुलिस का कहना है कि पूर्व मैनेजर का कंपनी के मालिक से विवाद था और उसने नए प्रशिक्षुओं के साथ यह वीडियो शूट किया और दावा किया कि यह उनकी ट्रेनिंग का एक हिस्सा है।

**मंत्री ने कहा इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता**

*राज्य के श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी ने वीडियो को चौंकाने और परेशान करने वाला करार दिया और कहा कि केरल में इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। मैंने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और जिला श्रम अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। राज्य मानवाधिकार आयोग ने उच्च न्यायालय के वकील कुलथूर जयसिंह की शिकायत के आधार पर इस संबंध में मामला दर्ज किया है।*

# म्यांमार: भूकंप पीड़ितों के लिए 405 टन चावल लेकर पहुंचा नौसेना का जहाज



*नाएप्यीडॉ। भूकंप से प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए भारत सरकार का 'ऑपरेशन ब्रह्मा' जारी है। भारतीय नौसेना ने 405 टन चावल सहित 442 टन राहत सामग्री की एक नई खेप लेकर नौसेना का जहाज रविवार को म्यांमार के शहर यांगून पहुंचा। यह राहत सामग्री भारत के राजदूत अभय ठाकुर ने यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी।*

### ईरान से खतरे जैसे मुद्दों पर भी होगी चर्चा

# गाजा और अन्य मुद्दों पर ट्रंप और नेतन्याहू आज करेंगे मुलाकात



एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज (सोमवार को ) इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद व्हाइट हाउस में यह उनकी दूसरी बैठक होगी। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी और नेतन्याहू के कार्यालय ने शनिवार को इस मुलाकात की पुष्टि की।

**इधर, गाजा पर इजराइल ने की बमबारी 24 की मौत**

दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब इजराइल हमास के चरमपंथियों पर दबाव बनाने के लिए गाजा पट्टी में एक नए सुरक्षा गलियारे में सेना तैनात कर रहा है। वही ईरान से खतरे जैसे मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। इधर, इजराइल ने गाजा पट्टी पर रातभर बमबारी की। इजराइली हमलों में 24 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 10 महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इजराइली हमलों के बारे में जानकारी दी।

### अमेरिका के पेनसिंलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने की नईखोज

# अब च्युइंगम चबाकर होगा दो वायरसों का सफाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने एक एंटीवायरल च्युइंगम विकसित की है, जो इन्फ्लूएंजा और हर्पीस वायरस के संक्रमण को 95 फीसदी तक कम कर सकती है। यह च्युइंगम लैबलेब पर्प्युरियस बींस से बनाई गई है।

इंफ्लूएंजा (फ्लू) और हर्पीज वायरस के कारण हर साल लाखों लोग संक्रमण का शिकार होते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर मौसमी इंफ्लूएंजा हर साल लगभग एक अरब लोगों को संक्रमित करता है, जिसके कारण करीब 6.50 लाख लोगों की श्वसन संबंधी जटिलताओं से मृत्यु हो जाती है। 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में फ्लू के गंभीर रूप लेने और इसके कारण जान-जाने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

**95 प्रतिशत तक कम होगा संक्रमण**



**इंलूएंजा और हर्पीज वायरस से मिलेगी सुरक्षा**

*अब इस प्रकार के संक्रमण को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। अमेरिका स्थित पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने एक विशेष प्रकार का च्युइंगम विकसित किया है जो हर्पीज और फ्लू वायरस के प्रसार को कम करने में मदद कर सकता है। इस गम के परीक्षण में पाया गया है कि ये चच्युइंगम इन वायरल संक्रमण के लोड को 95 फीसदी तक कम कर सकता है।*

**शोधकर्ताओं का दावा, होगा असर**

आप इस च्युइंगम को चबाएंगे तो इससे लगातार एंटीवायरल प्रोटीन रिलीज होता रहेगा, जो वायरस को शरीर में बढ़ने से पहले ही बेअसर कर देगा। प्रयोगशाला में दो ग्राम की एक च्युइंगम को वायरल संक्रमण के जोखिमों को कम करने में 95 प्रतिशत तक कारगर पाया गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि यह मानव उपयोग के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। प्रोफेसर हेनरी डैनियल ने कहा, इसके परिणाम आशाजनक हैं।






## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| गुजरात | 4 | 3 | 1 | 6 |
| बैंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 5 | 2 | 4 |
| राजस्थान | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| चेन्नई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
201 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
10 विकेट
चेन्नई

## अजेय पीएसजी ने 13वीं बार जीता फ्रांसीसी लीग का खिताब



एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार रात को यहां एंजर्स को 1-0 से हराकर छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग (लीग 1) का खिताब अपने नाम पर सुरक्षित किया। पीएसजी का यह लीग 1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया।

## आईपीएल : सनराइजर्स को 7 विकेट से दी करारी शिकस्त

# सिराज के 'चौके' से गुजरात का 'चौका' हैदराबाद की सत्र में लगातार चौथी हार

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

गुजरात टाइटन्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की। इस तरह सनराइजर्स हैदराबाद को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। टाइटंस ने लगातार तीसरी और सनराइजर्स पर ओवरऑल चौथी जीत दर्ज की है।

कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी हुई। गिल और शेरफाने रदरफोर्ड के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी से गुजरात जीत गई। इसके पहले प्लेयर ऑफ द मैच तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 17 रन देकर चार विकेट चटकाए। सिराज के अलावा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर के दो दो विकेट झटके।



### सिराज ने चार विकेट लेकर किया 100वां शिकार

आईपीएल 2025 के 19वें लीग मुकाबले में मोहम्मद सिराज का गेंद से कमाल देखने को मिला। सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले में सिराज ने एक खास उपलब्धि हासिल की। वह इंडियन प्रीमियर लीग में अपने 100 विकेट पूरे करने में कामयाब रहे। सिराज मैच में चार ओवर में 17 रन देने के साथ 4 विकेट लेने में भी सफल रहे। सिराज अब तक इस सीजन 9 विकेट लेने में कामयाब हुए हैं। वह आईपीएल में 100 विकेट पूरे करने वाले 12वें भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं।

### हैदराबाद के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हुआ। वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ उनका 152 रनों का स्कोर साल 2024 के आईपीएल सीजन से अब तक का दूसरा सबसे कम स्कोर है। इससे पहले हैदराबाद की टीम ने साल 2024 के आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 113 रनों का स्कोर बनाया था।

### स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का तेवतिया बो सिराज | 18 | 16 | 4 | 0 |
| हेड का सुदर्शन बो सिराज | 08 | 05 | 2 | 0 |
| किशन का इशांत बो कृष्णा | 17 | 14 | 2 | 0 |
| रेड्डी का राशिद बो साई किशोर | 31 | 34 | 3 | 0 |
| क्लासेन बो साई किशोर | 27 | 19 | 2 | 1 |
| अनिकेत पगबाा बो सिराज | 18 | 14 | 2 | 0 |
| मेंडिस का साई सुदर्शन बो कृष्णा | 01 | 05 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 22 | 09 | 3 | 1 |
| सिमरजीत सिंह बो सिराज | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 06 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 152/8
गेंदबाजी : सिराज 4-0-17-4, ईशांत 4-0-53-0, कृष्णा 4-0-25-2, राशिद 4-0-31-0, किशोर 4-0-24-2.

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का वर्मा बो शमी | 05 | 09 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 61 | 43 | 9 | 0 |
| बटलर का क्लासेन बो कमिंस | 00 | 03 | 0 | 0 |
| सुंदर का वर्मा बो शमी | 49 | 29 | 5 | 2 |
| शेरफाने रदरफोर्ड नाबाद | 35 | 16 | 6 | 1 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 16.4 ओवर में 153/3
गेंदबाजी : शमी 4-0-28-2, पैट कमिंस 3.4-0-26-1, सिमरजीत 1-0-20-0, उनादकट 2-0-16-0, अंसारी 4-0-33-0, मेंडिस 1-0-12-0, अभिषेक 1-0-18-0.

## 'रोहित को थैंक्स कहना चाहता हूं...', कोहली का वीडियो वायरल

### हिटमैन एक-दूसरे से हर तरह के सवाल और संदेह साझा करने वाला साथी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को रॉयस चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच का फैंस को बेसब्री से इंतजार है क्योंकि इसमें एक बार फिर क्रिकेट के दो दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली एकसाथ मैदान पर नजर आएंगे। लेकिन इस मैच से



पहले विराट कोहली ने रोहित शर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बातचीत की है।

उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। आरसीबी फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, 36 वर्षीय कोहली ने रोहित के साथ वर्षों से जुड़े अपने अनुभव, सवाल-जवाब और बॉन्ड के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमारा बॉन्ड बहुत शानदार है।

खास खबर

## बेंगलुरु के साथ मैच से पहले इंडियंस से जुड़े बुमराह



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस को रविवार को मजबूती मिली जब उसके शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले टीम से जुड़ गए। अभी हालांकि यह पता नहीं चला है कि भारत के इस शीर्ष तेज गेंदबाज को टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की फिटनेस मंजूरी मिली है या नहीं। मुंबई इंडियन्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, 'कभी शावक रहा अब शेर, शेर फिर से जंगल का राजा बनने के लिए वापस आ गया है।'

## मुझे नहीं पता कि आज के दौर में कहां फिट होंगे: ओवेन



**मुंबई।** इंग्लैंड और रियल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड माइकल ओवेन का मानना है कि फुटबॉल का खेल तेजी से विकसित हो रहा है और टीमें इन दिनों दो स्ट्राइकरों का उपयोग करने से बचती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह आधुनिक दौर के खेल में कैसे फिट होंगे। ओवेन कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सुपरस्टार जैसे लुइस फिगो, कार्ल्स पुयोल, रिवाल्डो, जावी के साथ मुंबई में हैं। इनके सब के अलावा कुछ और पूर्व दिग्गज रियल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना के खिलाड़ियों के बीच 'लीजेंड्स फेसऑफ' मैच में भाग लेंगे। ओवेन ने रविवार को यहां मैच से पहले कहा, 'यह खेल निश्चित रूप से बदल गया है। जब मैं बड़ा हो रहा था और जब मैं पेशेवर फुटबॉल खेलता था तब लगभग हर टीम के पास दो स्ट्राइकर होते थे। अब शायद ही कोई ऐसा करता हो। अब ज्यादातर टीमों में दो स्ट्राइकर नहीं होते है। उनकी भूमिका बदल गई है। मुझे नहीं पता कि मेरे जैसा खिलाड़ी आज के दौर में टीम में किस भूमिका में होता।'

## आर्चर का प्रदर्शन बेहतर होता जा रहा है : संदीप



**चंडीगढ़।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने कहा कि टीम के उनके साथी और दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता जा रहा है जो उनकी टीम के लिए अच्छा संकेत है। आर्चर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मैच में चार ओवर में 76 रन लुटा दिए थे। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 2.3 ओवर में 33 रन दिए।




Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Ex-showroom prices are applicable in Bhopal. *Terms & Conditions apply.

**अधिकृत डीलरः भोपाल:** वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिण्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **इंदौर:** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलरः आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईजेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरूल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइजेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईजेज 9425436890, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** **प्रिया एंटरप्राइज,** 9425344557, **सियाराली: भयरे मोटर्स,** 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह**-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईजेज 7428492559, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **बैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साईं मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावर:** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियां:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली :** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा: पटेल मोटर्स** 9755567226, **सतवास: शिवम मोटर्स** 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिण्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा :** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342.

L&K | SAATCHI & SAATCHI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930